**खबर संक्षेप**

## कलेक्ट्रेट में जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक आज

**कटनी।** जिले में ₹जल जीवन मिशन₹ के अंतर्गत चल रहे कार्यो की समीक्षा एवं अनुश्रवण हेतु कलेक्टर आशीष तिवारी की अध्यक्षता में बुधवार 18 मार्च को दोपहर 3 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक का आयोजन किया गया है। बैठक में जल जीवन मिशन अंतर्गत संचालित पूर्ण, प्रगतिरत व अप्रारम्भ योजनाओं, योजनाओं के हस्तांतरण, ग्रामों को हर घर जल रिपोर्टेड एवं सर्टिफाईड कराने, ग्रीष्मकाल में ग्रामीण क्षेत्रों में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने एवं एफ.एच.टी.सी की लक्ष्य एवं उपलब्धि की समीक्षा की जायेगी।

## विजयराघवगढ़ में पेयजल आपूर्ति की समीक्षा कर दिये निर्देश

**कटनी।** विजयराघवगढ़ में पेयजल संकट को देखते हुए एसडीएम विजयराघवगढ़ द्वारा पीएचई विभाग, जनपद सीईओ और तहसीलदारों के साथ विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। साथ ही संसाधनों के बेहतर उपयोग के लिए कंट्रोल रूम स्थापित करने के निर्देश दिए। ताकि गर्मी के मौसम में आमजन को पानी की किल्लत न हो।

## शुक्ल पिपरिया में नल-जल योजना ठप, ग्रामीण परेशान



**उमरियापान।** शुक्ल पिपरिया गांव में गर्मी की शुरुआत के साथ ही गांव के ग्रामीणों को पानी के लिए भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थिति यह है कि रोजमर्रा की जरूरतों के लिए भी लोगों को पानी नहीं मिल रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि शासन की नल-जल योजना के तहत गांव में पानी की सप्लाई सुनिश्चित करने के लिए बोरिंग कराई गई थी, ताकि हर घर तक पानी पहुंच सके। लेकिन बोरिंग कार्य के बाद ठेकेदार द्वारा पाइपलाइन कनेक्शन नहीं किया गया, जिसके चलते योजना अधूरी रह गई और पानी की सप्लाई शुरू ही नहीं हो सकी। ग्रामीणों का आरोप है कि कई बार संबंधित अधिकारियों को इस समस्या से अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। ग्रामीणों ने बताया कि गांव के कई हिस्सों में पाइन लाइन कनेक्शन के सड़क खोदी गई।अब भी सड़क खुदी पड़ी है। बच्चों और बुजुर्गों को आवागमन में परेशान होना पड़ता है। ग्रामीणों ने बताया कि सरकारी योजना फेल होने से हैंडपंपों और जिनके घरों में बोरिंग हैं उनके यहाँ से पानी भरना पड़ता है। ग्रामीणों ने पाइप लाइन कनेक्शन करने की मांग की है।

### बड़वारा थाना क्षेत्र में एक सप्ताह में चार स्कूलों में बदमाशों ने चटकायें ताले

# चोरों की करतूतः चार सरकारी विद्यालयों से बदमाशों ने पार कर दिये 11 सिलेण्डर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

अभी तक तो चोर बदमाश सोने चांदी के आभूषण, रूपया सहित अन्य घरेलू कीमती सामग्री ही चोरी करते थे लेकिन अब गैस सिलेण्डरों की भी चोरी शुरू कर दी है। मौजूदा समय में गैस सिलेण्डर पाने के लिए लोगों को घंटों की फजीहत हो रही है। कालाबाजारी एवं जमाखोरी रोकने के लिए प्रशासनिक स्तर पर टीम गठित कर गैस एजेंसियों एवं गोदामों का निरीक्षण किया जा रहा है। बीते करीब एक सप्ताह के भीतर बड़वारा थाना क्षेत्र के सरकारी स्कूलों से ताला तोड़कर बदमाशों ने गैस सिलेण्डर ही चोरी कर लिये। बड़वारा क्षेत्र के चार सरकारी स्कूलों के ताले तोड़कर मध्याह्न भोजन (मिड-डे मील) के लिए रखे सिलेंडरों पर हाथ साफ किया है।

### इन स्कूलों में टूटे ताले

शासकीय माध्यमिक शाला, भजिया से 4 भरे हुए गैस सिलेंडर चोरी हुए हैं। भजिया कन्या शाला में भी उसी रात यहां से 1 सिलेंडर पार कर दिया गया। शासकीय माध्यमिक शाला परसेल से 3 सिलेंडर चोरी होने की जानकारी सामने आई है। शासकीय माध्यमिक विद्यालय पनसोखर से भी 3 सिलेंडर चोरी होने की सूचना सामने आई है।






इस संबंध में पुलिस अधीक्षक अभिनव विश्वकर्मा का कहना है कि को बताया कि अलग-अलग स्कूलों से सिलेंडर चोरी की शिकायतें मिली हैं। सभी मामलों में एफआईआर दर्ज की जा रही है। पुलिस की विशेष टीमें सक्रिय कर दी गई हैं और जल्द ही इस गिरोह को पकड़ लिया जाएगा।

गौरतलब है कि जिले में गैस सिलेंडरों की किल्लत चल रही है। गैस सिलेण्डरी की कमी की मुख्य कारण ईरान और इजराइल के बीच चल रही वार माना जा रहा है। वार के बीच गैस सिलेंडर की सप्लाई प्रभावित होने की अफवाहें भी सोशल मीडिया में फैल रही हैं जिसका फायदा उठाने के लिए जमाखोरी एवं कालाबाजारी की जा रही है। इसी बीच चोरो ने भी स्कूलों को निशाना बनाकर गैस सिलेण्डर पार कर रह है। हालांकि जिला प्रशासन कालाबाजारी रोकने के लिए लगातार छापेमारी और अभियान चला रहा है।

## लापरवाही बरतने पर उप स्वच्छता-पर्यवेक्षक निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नगर को स्वच्छ, सुंदर बनाने और आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण मे उत्कृष्ट रैंक हासिल करने हेतु निगम प्रशासन द्वारा किए जा रहे प्रयासों के निर्वहन में लापरवाही एवं उदासीनता बरतने के कृत्य को अनुशासनहीनता की श्रेणी में मानते हुए निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने म.प्र.सिविल सेवा नियमों के तहत कार्यवाही करते हुए गुरूनानक वार्ड के उप स्वच्छता पर्यवेक्षक रतन परिहार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि के दौरान उप स्वच्छता पर्यवेक्षक श्री परिहार को स्वास्थ्य विभाग के कक्ष क्रमांक 36 में संलग्न किया गया है इस दौरान इन्हे नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी। निलंबन अवधि के फलस्वरूप गुरूनानक वार्ड की साफ- सफाई व्यवस्था का दायित्व मोहम्मद इशहाक अरशद उप-स्वच्छता पर्यवेक्षक को सौंपा गया है।

ज्ञातव्य हो कि स्वच्छ सर्वेक्षण में उत्कृष्ट रैंकिंग प्राप्त करनें हेतु निगम प्रशासन द्वारा रोजाना प्रातःकालीन किये जाने वाले प्रयासों का निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार द्वारा सतत रूप से किये जा रहे निरीक्षण के फलस्वरूप सोमवार 16 मार्च को गुरूनानक वार्ड के मुख्य बाजार क्षेत्र सब्जी मंडी एवं गोल बाजार आदि क्षेत्रों के निरीक्षण के दौरान जगह-जगह पर गंदगी एवं कचरे का ढ़ेर पाया गया।

इस दौरान सफाई मित्र भी निर्धारित ड्रेस कोड में नहीं पाये गए तथा उप स्वच्छता पर्यवेक्षक रतन परिहार भी कर्तव्य स्थल पर मौजूद नहीं पाए गए। जिस पर निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार द्वारा गहन नाराजगी व्यक्त की जाकर निलंबन की कार्यवाही की गई है।

## ऑडिटोरियम में विक्रमोत्सव का भव्य आयोजन आज

**कटनी।** आज गुरूवार 19 मार्च को प्रातः 10 बजे बस स्टैण्ड स्थित ऑडिटोरियम में भव्य 'विक्रमोत्सव' मनाया जाएगा। कलेक्टर आशीष तिवारी ने विक्रमोत्सव के आयोजन के लिए एसडीएम कटनी प्रमोद चतुर्वेदी को समन्वय अधिकारी तथा उपायुक्त शैलेष गुप्ता को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। सुबह 10 बजे कोटि सूर्य उपासना कार्यक्रम का आयोजन के साथ ही प्रमुख मंदिरों और शासकीय भवनों पर ब्रम्हध्वज स्थापित किया जाएगा।

*जिले भर में गैस एजेंसियों का किया जा रहा औचक निरीक्षण*

## गैस सिलेण्डरों का स्टॉक का भौतिक सत्यापन के साथ बुकिंग प्रक्रिया का भी किया गया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले में घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडरों के अवैध भंडारण और कालाबाजारी पर अंकुश लगाने के लिए कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर एसडीएम, तहसीलदार एवं कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारियों के संयुक्त जांच दल द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। जिले भर में गैस एजेंसियों के संचालकों, विक्रेताओं और गोदामों का औचक निरीक्षण कर स्टॉक की उपलब्धता व वितरण की स्थिति देखी जा रही है।

जिला आपूर्ति अधिकारी सज्जन सिंह परिहार ने बताया कि विजयराघवगढ़ एसडीएम एवं कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी द्वारा श्री साईं भारत गैस एजेंसी का निरीक्षण कर स्टॉक का भौतिक सत्यापन किया। साथ ही उपभोक्ताओं की ई-केवाईस और पोर्टल बुकिंग प्रक्रिया का अवलोकन किया। कैमोर स्थित गोल्डी गैस एजेंसी की भी जांच की गई। इसके पूर्व एसडीएम कार्यालय में विजयराघवगढ़ और बरही के सभी गैस एजेंसी संचालकों की बैठक लेकर उपभोक्ताओं की समस्याओं के त्वरित निराकरण के निर्देश दिए गए।



तहसील बरही अंतर्गत थाना प्रभारी और सीएमओ की संयुक्त टीम ने अपूर्व एचपी गैस एजेंसी की जांच की। यहाँ संधारित स्टॉक का विवरण सही पाया गया, हालांकि गैस की मांग सामान्य से दोगुनी दर्ज की गई है, जिसे सुचारू रूप से पूरा किया जा रहा है। वहीं हदरहटा में शांति भारत ग्रामीण वितरक गैस एजेंसी की जांच की गई।

एसडीएम बहोरीबंद एवं जिला आपूर्ति अधिकारी के संयुक्त दल द्वारा स्लीमनाबाद स्थित शुभ भारत गैस एजेंसी एवं बहोरीबंद स्थित सत्य साईं गैस एजेंसी के गोदाम का निरीक्षण कर हितग्राहियों से चर्चा की गई। गैस एजेंसी संचालक द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान में औसत बुकिंग संख्या में वृद्धि हुई है और केवाईसी कराने हेतु अधिक संख्या में लोग आ रहे हैं। मौके पर उपभोक्ताओं द्वारा बताया कि ऑनलाइन बुकिंग हेतु सर्वर की क्षमता में वृद्धि की आवश्कता है।

इसके अलावा रीठी में भारत गैस एजेंसी, विलायतकला गैस एजेंसी, बाकल में समर्थ सेवा गैस एजेंसी, सिलोड़ी में इण्डेन गैस एजेंसी, बड़वारा कला में इण्डेन वितरक, मझगवां बड़वारा में एचपी गैस एजेंसी और पहाड़ी में चतुर्वेदी गैस एजेंसी की भी जांच की गई।

## जनपद पंचायत रीठी के अध्यक्ष का निर्विरोध चुनाव



जनपद पंचायत रीठी के अनारक्षित अध्यक्ष पद पर अनुसूचित जनजाति वर्ग की महिला ने चुनाव जीतकर महिला सशक्तिकरण की मिसाल पेश कर दी है। मंगलवार को जनपद पंचायत रीठी का सम्मिलन जनपद पंचायत रीठी के सभाकक्ष में प्रात: 11 बजे से सुनिश्चित किया गया। पीठासीन अधिकारी अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कटनी प्रमोद चतुर्वेदी द्वारा जनपद अध्यक्ष के निर्वाचन हेतु समय-सारणी जारी की गई। उपस्थित सदस्यों को पीठासीन अधिकारी द्वारा समय सारणी से अवगत कराया गया तथा निर्वाचन के संबंध में जानकारी दी गई। निर्धारित समय सारणी के अनुसार प्रात: 11 बजे से दोपहर 12 बजे तक मात्र एक ही नाम निर्देशन पत्र श्रीमती श्यामाबाई/ महेन्द्र सिंह का प्राप्त हुआ। प्राप्त नाम निर्देशन पत्र की सवीक्षा किये जाने पर नाम निर्देशन पत्र विधिमान्य पाये जाने पर स्वीकृत किया गया तथा निर्वाचन हेतु एक ही नाम निर्देशन पत्र प्राप्त होने के परिणाम स्वरूप श्रीमती श्यामा बाई/महेन्द्र सिंह को निर्विरोध निर्वाचित किया गया। निर्वाचन आयोग के प्रेक्षक प्रकाश व्यास, द्वारा अध्यक्ष निर्वाचन का प्रमाण-पत्र प्रदान कर जनपद पंचायत रीठी के अध्यक्ष पद का निर्वाचन संपन्न कराया गया।

## गंदे पानी की सप्लाई की शिकायत पर ठेका कंपनी, ननि सुपरवाइजर को जारी किया शोकाज नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नगर के फारेस्टर वार्ड स्थित जयहिंद चौक से रंगनाथ मंदिर रोड के मध्य निवासरत मंगल सिंह के भवन में मंगलवार प्रातः निगम की जलापूर्ति के दौरान मटमैला पानी आने की शिकायत को त्वरित संज्ञान में लेते निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने जल प्रदाय शाखा के कार्यपालन यंत्री सुधीर मिश्रा को तत्काल टीम भेजकर वस्तुस्थिति का पता लगाते हुए समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिए गए।

निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार के निर्देश पर जल प्रदाय की टीम द्वारा फारेस्टर वार्ड स्थित शिकायत स्थल पर पहुंचकर वस्तुस्थिति की जानकारी ली गई।

**निगमायुक्त के निर्देश पर टीम मौके पर पहुंची, समस्या का निराकरण**

इस दौरान टीम द्वारा गंदे पानी की शिकायत को दृष्टिगत रखते हुए एम्बुलेंस रोड के वाल्व की सफाई का कार्य कराया गया। इसके साथ ही टीम द्वारा अन्य संभावनाओं को दृष्टिगत रखते हुए वार्ड स्थित मनोहर किराना स्टोर के पीछे सार्वजनिक नाली के बाजू से लगे पब्लिक टेप को खुदवाकर बंद कराने के साथ ही एक अन्य स्थल की लीकेज पाइप लाइन का सुधार कार्य भी कराया गया। जिस हेतु शिकायतकर्ता द्वारा भी संतुष्टि जाहिर की गई है। इस दौरान संबंधित क्षेत्रों वैकल्पिक पेयजल व्यवस्था हेतु टैंकरों के माध्यम से जलापूर्ति की जा रही है।

कार्यपालन यंत्री श्री सुधीर मिश्रा ने बताया कि समस्या के निराकरण हेतु संभावित स्थलों की जांच कराई जाकर सुधार कार्य कराया गया है। इसके अतिरिक्त इस लापरवाही हेतु संबंधित क्षेत्र में संचालन संधारण का कार्य करने वाली ठेका कंपनी को नोटिस जारी करने की कार्यवाही के साथ ही नगर निगम के क्षेत्रीय सुपरवाइजर पर भी नोटिस जारी करने की कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं। निगमायुक्त सुश्री परिहार ने जल प्रदाय शाखा के अधिकारियों को बुधवार प्रातः पुनः टीम भेजकर संबंधित क्षेत्र की पेयजल आपूर्ति की जांच कराने के निर्देश दिए है।

## महापौर ने सुनी समस्यायें, शीघ्र समाधान के दिये निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नगर निगम कटनी में आयोजित साप्ताहिक महापौर जनसुनवाई इस बार महज शिकायतों के निराकरण तक सीमित नहीं रही, बल्कि यह नागरिकों और प्रशासन के बीच सीधे संवाद का सशक्त एवं प्रभावी मंच बनकर उभरी है। मंगलवार को मेयर इन काउंसिल कक्ष में आयोजित जनसुनवाई में शहर के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे नागरिकों ने अपनी समस्याएं खुलकर रखीं और सुझावों के माध्यम से शहर के विकास में सहभागिता भी सुनिश्चित की। सुबह 11 बजे प्रारंभ हुई जनसुनवाई में जलभराव, पेयजल संकट, स्वच्छता व्यवस्था, सड़कों की मरम्मत, अतिक्रमण, स्ट्रीट लाइट और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जुड़े मुद्दे प्रमुख रूप से सामने आए। महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने प्रत्येक आवेदक की समस्याओं को गंभीरता से सुना और कई मामलों में मौके पर ही त्वरित निर्णय लेते हुए समाधान कर संबंधितों को राहत प्रदान की।



जनसुनवाई के दौरान महापौर ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि वे केवल औपचारिकता या कागजी कार्रवाई तक सीमित न रहें, बल्कि समस्याओं के वास्तविक और स्थायी समाधान के लिए जमीनी स्तर पर सक्रियता के साथ कार्य करें। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई का मूल उद्देश्य नागरिकों को बार-बार कार्यालयों के चक्कर लगाने से मुक्ति दिलाना और उनकी समस्याओं का समयबद्ध एवं पारदर्शी निराकरण सुनिश्चित करना है।

मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में कुल 40 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से कई प्रकरणों का मौके पर ही निराकरण कर दिया गया, जबकि शेष मामलों को संबंधित विभागों को सौंपते हुए समय सीमा के भीतर समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

महापौर श्रीमती सूरी ने कहा कि नगर निगम प्रशासन नागरिकों के विश्वास और संतुष्टि को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रहा है। जनसुनवाई इसी विश्वास को मजबूत करने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने अधिकारियों को लंबित प्रकरणों की नियमित मॉनिटरिंग करने और प्राथमिकता के आधार पर उनका शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि शहरवासियों को नगर निगम के माध्यम से बेहतर सेवाएं प्रदान की जा सकें।

### एसटीपी, सीवर लाइन विस्तार एवं रेस्टोरेशन कार्य का आयुक्त ने किया निरीक्षण

## कार्य में लापरवाही बरतने वालों पर कड़ी कार्रवाई करने की दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार द्वारा मंगलवार प्रातः माधवनगर स्थित 7.50 एमएलडी सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के अंतिम चरणों में चल रहे कार्यों, झिंझरी शैल वन के समाने चल रहे सीवर मेन ट्रंक लाइन के विस्तार कार्य सहित बरगवां स्थित डन कॉलोनी मोड़ से कटाए घाट मोड तक पाईप लाइन विस्तार उपरांत कराये जा रहे रेस्टोरेशन कार्य का निरीक्षण कर अधिकारियों को कार्य में गति लाने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान कार्यपालन यंत्री सुधीर मिश्रा, उपयंत्री मृदुल श्रीवास्तव, पीडीएमसी से सौरभ नौगजा सहित निर्माण एजेंसी के ठेकेदार हार्दिक मोरडिया एवं पार्थ पटेल सहित अन्य जनों की मौजूदगी रही।




### प्रक्रियाओं की ली जानकारी

निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार द्वारा मंगलवार के निरीक्षण के दौरान सर्वप्रथम माधव नगर स्थित 7.50 एमएलडी क्षमता वाले सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट पहुंचकर वहां अंतिम चरणों के चल रहे विभिन्न कार्यों सहित एसबीआर, पीटीयू, एमपीएस, सीसीटी आदि का निरीक्षण करते हुए उनके कार्य करने की प्रक्रियाओं की विस्तार से जानकारी ली। निगमायुक्त ने शेष कार्य की जानकारी पीडीएमसी के प्रतिनिधि से लेते हुए कार्यो को गति प्रदान कर 31 मार्च तक ट्रीटमेंट प्लांट का ट्रायल रन प्रारंभ करने के निर्देश दिए। इस दौरान निगमायुक्त ने एसटीपी प्लांट के आसपास की भूमियों का सुरक्षा की दृष्टि से सीमांकन कराने की भी बात अधिकारियों से कही।

### अतिरिक्त मशीनरी लगा कर कार्य करें शीघ्र पूर्ण

निरीक्षण के अगले चरण में झिंझरी स्थित चितरंजन शैल वन के सामने मार्ग में चल रहे सीवर मेन ट्रंक लाइन विस्तार कार्य का निगमायुक्त द्वारा स्थल निरीक्षण कर धीमी गति होनें तथा वायु गुणवत्ता प्रभावित होने पर नाराजगी जाहिर करते हुए नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। निगमायुक्त ने संबंधित क्रियान्वयन एजेंसी को कार्य के दौरान सुरक्षा मापदंडों का पालन करने के साथ ही अतिरिक्त मशीनरी एवं मेन पावर लगाकर एक सप्ताह में कार्य पूर्ण करने की हिदायत भी दी।

निगम आयुक्त ने डन कालोनी से कटाएघाट मोड़ तक सड़क खुदाई एवं पाइपलाइन विस्तार कार्यों के पश्चात मोटरेबल सड़क बनाने के कार्य का निरीक्षण कर नगारिकों के आवागमन की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए प्राथमिकता से कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्यों में अनावश्यक देरी न हो तथा गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। निगमायुक्त नें औद्योगिक क्षेत्र के रोड रेस्टोरेशन का कार्य तीन दिवस में प्रारंभ कराने के साथ ही, बारिश के पूर्व सभी प्रमुख मार्गो पर मोटरेबल कार्य पूर्ण करने को सुनिश्चित किया जाए। इस दौरान उन्होंनें स्थल पर निरंतर पानी का छिडकाव करनें के निर्देश निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधयों को दिए। निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त नें कार्य में लापरवाही बरतने वाले ठेकेदारों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने की भी चेतावनी दी।

## शासकीय मद से जमीन अलग करायें

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्ट्रेट में मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर श्री आशीष तिवारी ने 153 आवेदकों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिये।

जनसुनवाई के दौरान कछारगांव कौआ रोड तहसील बहोरीबंद निवासी जागेशवर कोल ने कलेक्टर को अपनी शिकायत में बताया कि कछारगांव प.ह.नं. सलैया रा.नि.मं. बहोरीबंद स्थित भूमि खसरा नंबर 564/3 को तहसीलदार के द्वारा शासकीय मद में दर्ज कर दिया गया है। इस वजह से मुझे ऋण नहीं मिल पा रहा है। शासकीय मद से मेरी भूमि को अलग कर ऋण दिलवायें। इस पर कलेक्टर श्री तिवारी ने बहोरीबंद तहसीलदार को शिकायत का निराकरण करने के निर्देश दिए।

ग्राम पंचायत खितौली तहसील बरही निवासी कमला चतुर्वेदी ने कलेक्टर को बताया कि पात्र होने के बावजूद जनवरी माह से मुझे लाड़ली बहना योजना की राशि मिलना बंद हो गई है। इस पर कलेक्टर श्री तिवारी ने महिला एवं बाल विकास विभाग को पात्रतानुसार आवेदिका को योजना का लाभ दिलाने के निर्देश दिए।



ग्राम पंचायत मवई थाना स्लीमनाबाद निवासी सुनीता दुबे ने कलेक्टर श्री तिवारी को आवेदन देते हुये बताया कि मेरे पति ओमप्रकाश दुबे का स्वर्गवास नवंबर 2025 में एक्सीडेंट की वजह से हो गया था। मेरे पति सम्बल योजनांतर्गत पंजीकृत श्रमिक थे। अपने पति की मृत्यु के उपरांत मैने सम्बल योजनांतर्गत मिलने वाली अनुग्रह सहायता राशि के लिये ग्राम पंचायत मवई तथा जनपद पंचायत बहोरीबंद में अधिकारियो को आवेदन दिया था। परंतु, अभी तक मुझे अनुग्रह राशि प्रदान नहीं हुई है। इस पर कलेक्टर श्री तिवारी ने जनपद पंचायत बहोरीबंद के सीईओ को पात्रतानुसार अनुग्रह राशि दिलाने के निर्देश दिए।

## खबर संक्षेप



### तनाव प्रबंधन विषय पर कार्यक्रम का सीधा प्रसारण

**सिलौड़ी।** शासकीय महाविद्यालय सिलौड़ी में तनाव प्रबंधन विषय पर आयोजित कार्यक्रम का प्रोजेक्टर के माध्यम से सीधा प्रसारण प्रभारी प्राचार्य रतिराम अहिरवार के मार्गदर्शन एवं मानसिक स्वास्थ्य टास्क फोर्स के नोडल प्रभारी डॉ. हेमन्त कुमार चौरसिया के नेतृत्व में किया गया। छात्र छात्राओं एवं स्टाफ ने विभिन्न विषय विशेषज्ञों से मानसिक स्वास्थ्य और तनाव प्रबंधन के महत्वपूर्ण पहलुओं की जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को बताया गया कि पढ़ाई, परीक्षा और कैरियर से जुड़े दबाव को कैसे सकारात्मक तरीके से संभाला जा सकता है। इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण 16 व 17 मार्च को भी महाविद्यालय में किया जाएगा, जिससे अधिक सेअधिक छात्र-छात्राएं इसका लाभले सकें। कार्यक्रम को सफल बनाने में पंकज मिश्रा एवं समस्त स्टाफ के साथ छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### नगर निगम द्वारा दो स्थलों में शुरू कराया गया प्याऊ

**कटनी।** महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार के निर्देश पर नगर निगम प्रशासन की जलप्रदाय शाखा द्वारा इस वर्ष गर्मी के प्रभाव को देखते हुए आम नागरिकों की सुविधा हेतु शहर के दो स्थानों सुभाष चौक एवं कचहरी चौराहे के समीप सार्वजनिक प्याऊ (पेयजल केंद्र) का संचालन प्रारंभ कर दिया गया है। इन प्याऊ के माध्यम से राहगीरों, श्रमिकों एवं आमजन को शुद्ध एवं शीतल पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है। उपयंत्री मृदुल श्रीवास्तव ने बताया कि प्राप्त निर्देशानुसार शहर के प्रमुख बाजारों, मुड़वारा स्टेशन एवं बरही रोड तिराहा के पास भी एक-दो दिवस में प्याऊ स्थापित कर दिए जाएगें तथा नगर के अन्य सार्वजनिक स्थलों में प्याऊ स्थापित करनें का कार्य प्रगति पर है। निगम प्रशासन द्वारा संबंधित कर्मचारियों को प्याऊ की नियमित साफ-सफाई एवं जल की गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश भी दिए गए हैं। साथ ही यह सुनिश्चित करने कहा गया है कि पेयजल की आपूर्ति निरंतर बनी रहे और किसी प्रकार की असुविधा न हो। निगम प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे इन सुविधाओं का उपयोग करते हुए स्वच्छता बनाए रखें और जल का दुरुपयोग न करें।

### युवक के खाते से पार हुए 2.96 लाख रुपये

**कटनी।** कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत माई नदी क्षेत्र निवासी एक युवक के साथ ठगी की घटना हुई। युवक के बैंक खाते से जालसाजों ने करीब 3 लाख रुपये की बड़ी राशि पार कर दी। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार मोती बाग (माई नदी) निवासी आशीष गौतम 37 वर्ष ने पुलिस को बताया कि 4 मार्च 2026 को दोपहर करीब 12:39 बजे उनके बैंक खाते से अज्ञात तरीके से 2,96,000 रुपये की अवैध निकासी कर ली गई। जब प्रार्थी को खाते से इतनी बड़ी राशि कटने की जानकारी मिली तो उनके होश उड़ गए। बैंक और अन्य माध्यमों से स्थिति स्पष्ट न होने पर अंततः उन्होंने पुलिस की शरण ली। प्रार्थी ने 16 मार्च को कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध दर्ज किया है। पुलिस डिजिटल ट्रेल की जाँच कर रही है, जिसके माध्यम से यह राशि ट्रांसफर की गई है। पुलिस साइबर सेल की मदद से यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि यह राशि किस खाते में गई है और ठगी के लिए किस तकनीक का इस्तेमाल किया गया।

### धरे गये तीन जुआरी

**कटनी।** उमरियापान पुलिस ने जुआ मन्ना खेल रहे तीन युवकों को गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान दीपांशु गुप्ता 25 वर्ष, शिवा प्रसाद केवट 24 वर्ष और कपिल चौरसिया 40 वर्ष के रूप में हुई है। पुलिस ने 1850 रुपये और ताश के पत्ते बरामद किए हैं।

वाहनों के बढ़ते दवाब एवं ई रिक्शा के रूट निर्धारित नहीं होने से जाम की समस्या

# प्रशासनिक प्रयासों के बाद भी शहर में अराजक यातायात की नहीं बदली चाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



नगर में यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिये प्रशासनिक स्तर पर बीच बीच में कई तरह के प्रयोग भले ही किये जा रहे हो लेकिन सुगम आवागमन की राह आसान नहीं दिख रही। सेंट्रल पार्किंग व्यवस्था हटाने के बाद कुछ दिनों तक सतत मानीटरिंग के बाद जैसे ही अमले ने इस ओर ध्यान देना कम किया समस्या बढ़ने लगी है। शहर में वाहनों का दवाब दिनों दिन बढ़ता जा रहा है। सड़क में अस्थायी अतिक्रमण एवं पार्किंग की वजह से परेशानी और बढ़ जाती है। शहर में आटो एवं ई रिक्शा की संख्या में बेतहाशा इजाफा होने के साथ ही रूट निर्धारण की योजना पर अमल नहीं हो पाने की वजह से जाम की समस्या बन रही है जिससे परेशानी हो रही है।

मुख्य मार्ग सहित तिराहे चौराहों जाम की स्थिति से वाहन चालकों की फजीहत हो रही है। नगर के व्यस्ततम क्षेत्रों में से शायद ही ऐसा कोई क्षेत्र हो जहां समस्या न हो। फुटपाथी कारोबारियों और वाहनों की पार्किंग के चलते 20 से 40 फीट की सड़कें सिकुड़कर 10 फीट की ही रह जाती है। ई रिक्शा से लेकर आटो दिन भर शहर की सड़कों में धमाचौकड़ी मचाते हुए यातायात व्यवस्था को अवरूद्ध कर रहे है। शहर में आवागमन को सुगम बनाए रखने के लिए प्रयास सार्थक नहीं हो पा रहे हैं। कागजी प्लान तो बनाये जाते हैं लेकिन उनका पालन कराने में संजीदगी नहीं बरती जा रही।

मुख्य मार्ग में जाम की समस्या को कम करने के लिए सवारी आटो को कोतवाली तिराहे से मार्ग डायवर्ट कर संचालन की अनुमति प्रदान की गई है जबकि चारपहिया वाहनों पर यह आदेश बेअसर है। शहर के मुख्य तिराहे व चौराहे अस्थायी पार्किंग स्थल बन चुके हैं। सुभाष चौक हो या कचहरी तिराहा यहां कारों की पार्किंग लगी रहती है। मुख्य स्टेशन से सुभाष चौक की ओर जाने वाले मार्ग पर ई रिक्शा वाहनों की दिन भर धमाचौकड़ी रहती हैं, जिसके कारण भी आवागमन प्रभावित होता है।ई रिक्शा चालकों के लिए रूट सिस्टम बनाया गया था लेकिन धरातल पर वह नजर नहीं आ रहा।

#### इस तरह बनाया था रूट सिस्टम

रूट क्रमांक-1 पर हरे रंग के ई-रिक्शा चलेंगे जो स्टेशन से सराय मोहल्ला के रास्ते ई रिक्शा ये रेलवे स्टेशन से सराय मोहल्ला, गणेश चौक, सिविल लाइन, मुड़वारा स्टेशन, मिशन चौक से माधवनगर गेट होते हुए पीरबाबा तक जाएंगे।

रूट क्रमांक-2 पर लाल रंग के ई-रिक्शा चलेंगे। ये रेलवे स्टेशन से सराय मोहल्ला, गणेश चौक, कचहरी चौक, कोतवाली तिराहा, मिशन चौक, आजाद चौक, कैलवारा मोड़ से होते हुए इंदिरा ज्योति कालोनी तक जाएंगे।

रूट क्रमांक-3 पर आसमानी रंग के ई-रिक्शा चलेंगे। ये रेलवे स्टेशन से बरही रोड, गर्ग चौराहा, आदर्श कालोनी, चड्डा कॉलेज से होते हुए प्लेटफार्म क्रमांक 5 तक जाएंगे।

रूट क्रमांक-4 पर नारंगी रंग के ई-रिक्शा चलेंगे। ये रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म क्रमांक 5 से गायत्री नगर, बाबा घाट, कटनी साउथ, डीजल लोको शेड से होते हुए एनकेजे बजरिया तक जाएंगे।

रूट क्रमांक-5 पर सफेद रंग के ई-रिक्शा चलेंगे। ये प्लेटफार्म क्रमांक 5 से जुहला-जुहली की ओर चलेंगे।

रूट क्रमांक-6 पर पीले रंग के ई-रिक्शा चलेंगे। ये कटनी साउथ से मिशन चौक, मुड़वारा स्टेशन, सिविल लाइन, व्हीआईपी रोड, रेलवे स्टेशन, आयुध निर्माणी, एसीसी होते हुए माधवनगर तक जाएंगे।



## ग्राम की आवश्यकतानुसार कार्य करने के लिए किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जन अभियान परिषद विकासखंड कटनी के सेक्टर क्रमांक 5 हीरापुर कौड़िया में साध्वी जन कल्याण समिति कटनी के द्वारा ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों की क्षमता वृद्धि हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन ग्राम पंचायत भवन हीरापुर में किया गया1 प्रशिक्षण कार्यशाला में अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत हीरापुर कोरिया की सरपंच श्रीमती पुनीता बाई पटेल, उप सरपंच प्रतिनिधि प्रदीप कुमार बड़गैंया,आनंद विभाग के डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम लीडर अनिल कांबले, जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक डॉक्टर तेज सिंह केशवाल और विकासखंड समन्वयक बालमुकुंद मिश्र की विशेष उपस्थिति रही।

प्रशिक्षण कार्यशाला के तृतीय सत्र में नवांकुर संस्था साध्वी जनकल्याण समिति अध्यक्ष साध्वी निगम द्वारा प्रस्फुटन समितियों के कार्यालय के रखरखाव ,कार्य प्रणाली एवं दस्तावेजी करण विषय पर जानकारी दी।चतुर्थ सत्र में जिला समन्वयक डॉ तेज सिंह केशवाल ने प्रस्फुटन समिति के उपस्थित प्रतिनिधियों को ग्राम में समन्वय बनाकर कार्य करने हेतु व शासन और समाज के बीच में सेतु के रूप में कार्य कर ग्राम में रचनात्मक वातावरण तैयार कर जन भागीदारी से ग्राम की आवश्यकता अनुसार कार्य करने संबंधी जानकारी देते हुए प्रेरित किया। प्रशिक्षण कार्यशाला में उपस्थित आनंद विभाग के डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम लीडर अनिल कांबले के द्वारा जीवन में रचनात्मक सोच रखते हुए तनाव मुक्त रहने के तरीकों के विषय पर जानकारी दी एवं विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से समझाया की कैसे हमारी सोच का हमारे कार्य पर असर पड़ता है।

*विद्यार्थियों में खेलकूद गतिविधियों को बढ़ावा देना था टूर का उद्देश्य*

## खिलाड़ी छात्र छात्राओं को ऐतिहासिक पुरातात्विक स्थलों का कराया भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़वारा



शासकीय महाविद्यालय बड़वारा में शारीरिक शिक्षा एवं खेल विभाग तथा स्पोर्ट्स क्लब के द्वारा महाविद्यालय के खिलाड़ी छात्र-छात्राओं का अकादमिक उत्कृष्टता कार्यक्रम अंतर्गत एडवेंचर टूर कराया गया । इसमें महाविद्यालय के सभी खिलाड़ियों एवं शारीरिक शिक्षा में अध्ययनरत 42 छात्र छात्राओं को जिले के रूपनाथ धाम, भूता डैम एवं अन्य ऐतिहासिक पुरातात्विक स्थलों का भ्रमण कराया गया ।

महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी डॉ. आदित्य गढ़ेवाल ने बताया कि इस एडवेंचर टूर का उद्देश्य छात्र-छात्राओं के बीच खेलकूद गतिविधियों को बढ़ावा देना जिससे अधिक से अधिक विद्यार्थी खेलों में सहभागिता करने के लिए प्रेरित हों । साथ ही रोमांचक गतिविधियों के माध्यम से शारीरिक व मानसिक चुनौतियों का सामना करना, प्रकृति से जुड़ना, जंगली और प्राकृतिक परिवेश में समय विताना, स्थानीय वातावरण और परम्पराओं का प्रत्यक्ष अनुभव करना, कठिन परिस्थितियों में अपनी क्षमता को परखना और चुनौतियों को पार करके आत्मविश्वास बढ़ाना था । इसके अलावा छात्रों में ऐतिहासिक ज्ञान में वृद्धि करना एवं अकादमिक उत्कृष्टता के मूल्यों को प्राप्त करना था। भ्रमण के दौरान छात्रों को भोजन की पूर्ण व्यवस्था स्पोर्ट्स क्लब के द्वारा की गई।

भ्रमण में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एल.के. सिंह, क्रीड़ा अधिकारी डॉ. आदित्य गढ़ेवाल के साथ क्रीड़ा समिति की सदस्य डॉ. योगिता अरजरिया, श्रीमती तोषी पटेल एवं डॉ कल्पना सतनामी आदि भी दल में शामिल रहीं। निश्चित तौर पर महाविद्यालय के खिलाड़ी छात्रों ने बहुत ही उत्साहित होकर एडवेंचर गतिविधियां एवं ज्ञानार्जन किया । महाविद्यालय की स्थापना के बाद से खेल विभाग का यह पहला एडवेंचर टूर था। प्राचार्य ने छात्रों को खेल गतिविधियों से जोड़ने के लिए शारीरिक शिक्षा एवं खेल विभाग के इस नवाचार की सराहना की। डॉ. गढ़ेवाल ने बताया की आगे भी इस तरह के एडवेंचर टूर कराये जाते रहेंगे।

### कंट्रोल रूम में आयोजित जन सुनवाई में सुनी समस्यायें



नागरिकों की समस्याओं एवं शिकायतों को प्रत्यक्ष रूप से सुनने तथा उनका त्वरित एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मंगलवार को पुलिस कंट्रोल रूम कटनी में जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित हुए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक द्वारा फरियादियों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना गया तथा प्रत्येक प्रकरण में शीघ्र एवं निष्पक्ष कार्रवाई सुनिश्चित करने हेतु संबंधित थाना प्रभारियों एवं शाखा प्रभारियों को स्पष्ट एवं आवश्यक निर्देश दिए गए। जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों में मुख्य रूप से भूमि विवाद, पारिवारिक विवाद, मारपीट, धोखाधड़ी, साइबर अपराध, महिला उत्पीड़न एवं थानों से संबंधित शिकायतें सामने आईं। पुलिस अधिकारियों ने एक-एक कर सभी फरियादियों की बात सुनी और निर्देशित किया कि प्रत्येक शिकायत की निष्पक्ष जांच कर नियमानुसार समयबद्ध निराकरण किया जाए।

## ‘सहकारिता से समृद्धि’ किसान सम्मेलन एवं कार्यशाला आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

सहकारिता वर्ष 2025-26 के अंतर्गत वृहताकार कृषि साख सहकारी समिति मर्या. रीठी में ‘सहकारिता से समृद्धि’ किसान सम्मेलन एवं कार्यशाला का आयोजन किया गया। सम्मेलन में प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्र रीठी का उद्घाटन किया गया जिससे किसानों एवं ग्रामीणों को सस्ती और अच्छी दवाइयां सुलभ हो सकेंगी। कार्यक्रम की शुरूआत में उपस्थित अधिकारियों, मुख्य अतिथियों एवं कृषकगणों द्वारा बिना सहकारी नहीं उद्धार, जय हिन्द, जय भारत, भारत माता की जय के नारे लगाये गये।

#### लाभ प्राप्त करने दी जानकारी

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि एवं सहकारिता उद्योग समिति जिला पंचायत कटनी की सभापति कविता पंकज राय रहीं। उनके द्वारा किसान भाईयों और कार्यशाला में उपस्थित जन समूह का पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया। कार्यक्रम के अध्यक्ष सहायक आयुक्त सहकारिता राजयशवर्धन कुरील द्वारा सहकारिता के बारे में किसान भाईयों एवं जन समूह को जगरूक किया गया। वहीं कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि पंकज राय द्वारा सहकारिता से किसान लाभ कैसे प्राप्त करें के विषय में बताया गया।

अंत में समिति प्रबंधक सुशील सोनी द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित समस्त अतिथिगणों एवं जनसमूहों का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम के दौरान मंच का संचालन अंकेक्षण अधिकारी विजय मिश्रा द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में अनिल जैन, नोडल अधिकारी जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक कटनी जयती बिलथरैया, शाखा प्रबंधक अरविन्द पाठक, समिति प्रबंधक सुशील सोनी, विनोद दुबे, देवेन्द्र गर्ग, अरविन्द चनपुरिया, सहायक समिति प्रबंधक बल्लू पटेल, अंकेक्षण अधिकारी विजय मिश्रा, वरिष्ठ सहकारी निरीक्षक ज्योति सोनी, बेबी नैना मेहरा, सहकारिता विस्तार अधिकारी आयुष गुप्ता, पूजा विश्वकर्मा, नितिन जैन, दिव्यांश सोनी, अनिल राय, सतीश राय, आलोक राय, अमित दुबे, आलोक राय, सतीष राय, अंकित तिवारी, देवेन्द्र परौहा, उमाशंकर पटेल एवं समिति के समस्त विक्रेतागण एवं कृषकगण की उपस्थिति रही।

*औचक निरीक्षण में कोताही मिलने पर होगी त्वरित कार्यवाही*

## आयुक्त ने चेताया, सफाई व्यवस्था में ढिलाई पर होगी कार्यवाही, प्रबंधन को लगाई फटकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



शहर की सफाई व्यवस्था को लेकर अब निगम प्रशासन सख्त रुख अपनाते हुए पूरी व्यवस्था को मजबूत बनाने में जुट गया है। निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा है कि सफाई व्यवस्था का पूरा सिस्टम मजबूत रखा जाए और घरों एवं दुकानों से निकलने वाले कचरे का कलेक्शन प्राइमरी पॉइंट पर ही सुनिश्चित किया जाए, ताकि सड़कों और सार्वजनिक स्थलों पर कहीं भी कचरे का जमाव दिखाई न दे।

निगमायुक्त ने निर्देशित किया कि नगर के प्रमुख बाजारों और व्यावसायिक क्षेत्रों में रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाया जाए। साथ ही शाम के समय नियमित रूप से कचरा संग्रहण वाहन भेजे जाएं, ताकि दुकानों से निकलने वाला कचरा तत्काल संग्रहित हो सके और सुबह के समय बाजार क्षेत्र स्वच्छ और व्यवस्थित दिखाई दें।

उन्होंने कहा कि वार्ड दरोगा यह सुनिश्चित करें कि कचरा वाहन समय पर पहुंचे और घरों व दुकानों से निकलने वाला गीला और सूखा कचरा अलग-अलग डस्टबिन में ही दिया जाए। साथ ही सार्वजनिक सड़कें और नालियां नियमित रूप से साफ रखी जाएं।

निगमायुक्त ने स्वच्छता जागरूकता टीम को निर्देश दिए कि डोर-टू-डोर संपर्क कर नागरिकों को कचरे के पृथक्करण (सेग्रीगेशन) के प्रति जागरूक किया जाए। साथ ही सफाई नियमों का उल्लंघन करने वालों पर स्पॉट फाइन की कार्रवाई भी लगातार जारी रखने के निर्देश दिए गए। निगमायुक्त ने स्पष्ट किया कि अब बिना किसी पूर्व सूचना के किसी भी वार्ड की सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान यदि सफाई कार्य में लापरवाही या ढिलाई पाई गई तो संबंधित कर्मचारियों के विरुद्ध सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई होगी।

बैठक के दौरान निगमायुक्त ने एमएसडब्ल्यू प्रबंधन को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि किसी भी नागरिक को कचरा वाहन का इंतजार नहीं करना पड़े। यदि कचरा वाहन समय पर हर घर तक पहुंचेगा तो नागरिक सीधे वाहन में कचरा देंगे, जिससे सड़कों और नालियों में कचरा फैलने की समस्या भी खत्म होगी और निगम पर अतिरिक्त बोझ भी कम होगा। उन्होंने नोडल अधिकारी आदेश जैन को कचरा वाहनों की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

महर्षि महेश योगी वैदिक विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन

## राष्ट्रीय संगोष्ठी में जल संरक्षण पर हुआ गहन मंथन

हरिभूमि न्यूज ⏭ उमरियापान



जल संरक्षण और भूजल के सतत उपयोग जैसे महत्वपूर्ण विषय पर चिंतन के लिए कटनी स्थित महर्षि महेश योगी वैदिक विश्वविद्यालय, ब्रह्मस्थान करौंदी में दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। “भूजल के सतत उपयोग के लिए जल प्रबंधन : वैदिक काल से आधुनिक युग तक की यात्रा” विषय पर आयोजित इस संगोष्ठी का आयोजन विश्वविद्यालय और इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ हाइड्रोजियोलॉजिस्ट्स (आईएएच) के भारतीय राष्ट्रीय अध्याय (आईएनसी–आईएएच) के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। इस संगोष्ठी में देशभर से आए जल वैज्ञानिकों, शिक्षाविदों और शोधार्थियों ने भाग लेकर जल संकट के समाधान पर अपने विचार रखे।

प्रमुख वक्ताओं ने जल संरक्षण की भारतीय परंपरा और आधुनिक वैज्ञानिक तकनीकों के समन्वय पर जोर दिया। वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान समय में जल संकट केवल भारत ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया के सामने गंभीर चुनौती बनकर उभर रहा है। ऐसे में जल संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग और संरक्षण के लिए व्यापक स्तर पर जागरूकता आवश्यक है।

ब्रह्मचारी गिरीश चंद्र वर्मा ने कहा कि भारतीय संस्कृति में जल को देवता का दर्जा दिया गया है और हमारे प्राचीन ग्रंथों में जल संरक्षण से जुड़े अनेक सिद्धांत वर्णित हैं। उन्होंने कहा कि यदि इन वैदिक सिद्धांतों को आधुनिक विज्ञान और तकनीक के साथ जोड़ा जाए तो जल संकट का स्थायी समाधान संभव है। उन्होंने विद्यार्थियों और समाज के लोगों से भी जल संरक्षण के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया।

विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. प्रमोद कुमार वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि आज जल संकट वैश्विक समस्या बन चुका है। तेजी से बढ़ती जनसंख्या, जल संसाधनों का अत्यधिक दोहन और बदलते पर्यावरणीय हालात इसके प्रमुख कारण हैं। उन्होंने कहा कि वैदिक ज्ञान परंपरा में प्रकृति और जल संसाधनों के संरक्षण की समृद्ध परंपरा रही है, जिसे आधुनिक वैज्ञानिक दृष्टिकोण के साथ अपनाकर हम इस चुनौती से निपट सकते हैं।संगोष्ठी में विशेषज्ञ वक्ता प्रो. ए.डी. सावंत और प्रो. ए.के. सिन्हा ने कहा कि सतत विकास के लिए जल संसाधनों का संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। इसके लिए वैज्ञानिक शोध, आधुनिक तकनीक और समाज की सक्रिय भागीदारी तीनों का समन्वय जरूरी है।

## जिले की प्रत्येक ग्राम पंचायतों में शुरू होंगे जल स्रोतों के संरक्षण के कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

**जल गंगा संवर्धन अभियान का 19 मार्च को होगा आगाज़**

कल 19 मार्च को वर्ष प्रतिपदा के दिन से ₹जल गंगा संवर्धन अभियान₹ 2026 के अंतर्गत जल संग्रहण संरचनाओं के कार्यों का आगाज प्रत्येक ग्राम पंचायत में जन प्रतिनिधियों और जन समुदाय की मौजूदगी में किया जाएगा। ग्रामीण क्षेत्रों में शुद्ध एवं शीतल पेयजल व्यवस्था सुदृढ़ करने हेतु जिले की समस्त जनपद पंचायतों की प्रत्येक ग्राम पंचायत में सार्वजनिक प्याऊ का शुभारंभ किया जाए। जल स्रोतों एवं जल संरचनाओं की मरम्मत, साफ सफाई, गहरीकरण, जीर्णोद्धार एवं अन्य कराए जा सकने वाले कार्यों को चिन्हित कर सूचीबद्ध करते हुए अभियान के दौरान जन भागीदारी एवं विभाग के निर्देशों के मुताबिक कराए जाकर पूर्ण कराएं।

इस आशय के निर्देश जिला पंचायत की सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर ने जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 की आयोजन और क्रियान्वयन हेतु आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के द्वारा जनपद स्तरीय अधिकारियों को दिए। उल्लेखनीय है कि जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 19 मार्च से प्रारंभ होकर 30 जून 2026 तक की अवधि में संचालित होगा । प्रत्येक ग्राम पंचायत में जन समुदाय की उपस्थिति में जल संरक्षण व संवर्धन के एक कार्य को यथा संभव प्रारंभ किया जाएगा। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, परियोजना अधिकारी मनरेगा ऋषिराज चढ़ार, स्वच्छ भारत मिशन के जिला प्रबंधक कमलेश सैनी, जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक तेज सिंह केशवाल, मीडिया प्रभारी योगेंद्र कुमार असाटी, सहायक यंत्री , अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा एवं अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी कर्मचारियों ने सहभागिता की। जिला पंचायत सीईओ सुश्री कौर ने जनपद स्तरीय अधिकारियों से जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 के सफल एवं सुचारु क्रियान्वयन हेतु की जा रही तैयारी और क्रियान्वयन के संबंध में जनपद पंचायत वार कटनी, बहोरीबंद, बड़वारा, विजयराघवगढ़, ढीमरखेड़ा और रीठी से जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिए।

## खबर संक्षेप

### एक ही दिन में दो जगह बिक रही अवैध शराब

**दमोह।** नशा विरोधी जन आंदोलन के तहत भगवती मानव कल्याण संगठन एवं भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के संयुक्त तत्वाधान में दमोह जिले के थाना हिंडोरिया चौकी बांदकपुर के अंतर्गत ग्राम अनु के गडरियाऊ स्कूल के पास सुबह 4:45 पर आज दिनांक 17 मार्च 2026 को आरोपी कल्लू तिवारी पिता गोकुल तिवारी मोटरसाइकिल टीवीएस गाड़ी नंबर एमपी 34 एमपी 4926 से सवा लाख मानस पाठ कलारी से अवैध लाल मसाला 50 पाव मोटरसाइकिल से परिवहन कर राजेंद्र तिवारी के यहां अनु में ले जा रहा था जिसकी सूचना भगवती मानव कल्याण संगठन ने बांदकपुर चौकी पुलिस को दी पुलिस मौके पर पहुंच कर एक आरोपी अवैध लाल मसाला 50 पाव एवं मोटरसाइकिल को जप्त करते हुए आबकारी एक्ट के तहत मामला पंजीगत किया युवा मोर्चा के ब्लॉक अध्यक्ष तेजराम यादव जी ने बताया कि जब तक पूरे मध्यप्रदेश को नशा मुक्त घोषित नहीं किया जाता तब तक नशा विरोधी जन आंदोलन सतत आगे बढ़ते हुए कार्य करता रहेगा।

### जनसुनवाई में 147 आवेदनों पर हुई सुनवाई

**दमोह।** कलेक्टर अनिल राठौर ने कलेक्टर कार्यालय के कक्ष क्रमांक 10 (व्यारमा) में आयोजित जनसुनवाई में जिले के दूरदराज क्षेत्रों से आये हितग्राहियों की समस्याओं को सुना। इस दौरान सामान्य जनसुनवाई में 147 आवेदनों पर सुनवाई करते हुये संबंधित अधिकारियों को समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिये। जनसुनवाई में 13 आधार कार्ड एवं 120 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। साथ ही जनसुनवाई के दौरान कुछ सामूहिक आवदेन भी दिए गए। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत प्रवीण फुलपगारे, अपर कलेक्टर मीना मसराम, लोक सेवा प्रबंधक चक्रेश पटेल सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे। जिले के ग्राम नोहटा, अभाना सहित चिन्हित 25 पंचायतों में जनसुनवाई के दौरान 18 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें शत-प्रतिशत आवेदनों का निराकरण किया गया।

ग्रामवासियों ने सरपंच सचिव पर लगाए बिजली बिल जमा नहीं करने के आरोप

# पंचायत की लापरवाही से पेयजल संकट, सर्रा में बिजली कनेक्शन कटने पर ग्रामीणों में आक्रोश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा

जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत सर्रा में चार दिनों से गंभीर पेयजल संकट उत्पन्न हो गया है। पंचायत द्वारा बिजली बिल का भुगतान न किए जाने के कारण पानी की टंकी का बिजली कनेक्शन काट दिया गया, जिससे पूरे गांव में पानी की आपूर्ति ठप हो गई है। इस स्थिति से परेशान ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। मंगलवार को बड़ी संख्या में ग्रामीण, जिनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल थे, ग्राम पंचायत कार्यालय पहुंचे और सरपंच से जवाब-तलब किया। ग्रामीणों ने सवाल उठाया कि जब वे नियमित रूप से हर माह पानी का शुल्क जमा करते हैं, तो फिर बिजली बिल का भुगतान क्यों नहीं किया गया। इस पर सरपंच दिनेश खरे ने सफाई देते हुए कहा कि ग्रामीणों से जो राशि प्राप्त होती है, वह पानी सप्लाई में लगे कर्मचारियों के वेतन में खर्च हो जाती है, जिससे बिजली बिल जमा करना संभव नहीं हो पाता। सरपंच के इस जवाब से ग्रामीण संतुष्ट नहीं हुए और उन्होंने नाराजगी जताई। महिलाओं ने कहा कि गांव में पानी का कोई वैकल्पिक स्रोत उपलब्ध नहीं है, ऐसे में वे अपनी दैनिक जरूरतें कैसे पूरी करें। इस गंभीर स्थिति पर सरपंच द्वारा कोई ठोस समाधान नहीं दिया गया, जिससे लोगों का आक्रोश और बढ़ गया।ग्राम पंचायत की इस लापरवाही का खामियाजा अब आम ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है। पेयजल जैसी मूलभूत सुविधा के बाधित होने से गांव में संकट की स्थिति उत्पन्न हो गई है। ग्रामीणों ने प्रशासन से शीघ्र हस्तक्षेप कर पानी की आपूर्ति बहाल करने की मांग की है। पंचायत की लापरवाही एवं गलती का खामियाजा भुगत रहे हम लोग- नन्हेभाई अहिरवार, सीताराम अहिरवार, नत्थू अहिरवार,खिलान चक्रवर्ती,केशर वाई गौड़, रत्ती बाईं चक्रवर्ती, मुन्नी बाईं, ममता रानी, अनीता रानी, ने ग्रामीणों ने बताया कि हर परिवार नियमित रूप से मासिक शुल्क जमा कर रहा है, इसके बावजूद पंचायत बिजली बिल का भुगतान नहीं कर रही। उन्होंने स्पष्ट कहा कि इसकी जिम्मेदारी पंचायत की है, न कि ग्रामीणों की।

कुछ लोगों ने आरोप लगाया कि करीब 100 कनेक्शनों से हर महीने 20–25 हजार रुपये की वसूली हो रही है। ग्रामीण मानसींग यादव ने बताया कि गांव में विधायक द्वारा उपलब्ध कराए गए तीन पानी के टैंकर हैं, लेकिन वे सभी जर्जर अवस्था में पड़े हुए हैं और उपयोग के योग्य नहीं हैं। उन्होंने यह भी बताया कि पिछले दो वर्षों से पानी की टंकी की सफाई नहीं हुई है, जिससे पानी की गुणवत्ता पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। हद तो जब हो गई जब एक पंचायत का टैंकर पलटा है और दूसरी ओर एक निजी मकान बनने के लिए ग्राम पंचायत टैंकर किराए पर दिए हुए उन्हे ग्रामीण जनों की कोई चिंता नहीं है इनका कहना-- संदीप घोषी लाइनमैन बिजली विभाग के लाइनमैन के अनुसार ग्राम पंचायत सर्रा की पानी की टंकी पर कुल 9 लाख 97 हजार 982 रुपये का बिजली बिल बकाया है, जिसके चलते कनेक्शन काटा गया है। वहीं सरपंच का कहना है कि लगभग 7 लाख रुपये का बकाया है और पंचायत में 80 से 90 कनेक्शन होने के बावजूद आधे से भी कम लोग नियमित भुगतान करते हैं। इस मामले में कनिष्ठ अभियंता एम.एफ. अंसारी ने बताया कि पंचायत में दो बिजली कनेक्शन हैं, जिनमें से एक पर लगभग 5 लाख और दूसरे पर 4 लाख 83 हजार रुपये बकाया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि बकाया राशि जमा नहीं होने के कारण ही कनेक्शन काटे गए हैं। जनपद पंचायत के सीईओ मनीष बागरी ने कहा कि यदि ग्राम पंचायत द्वारा जलकर की राशि यदि वसूली गई है और उसे जमा नहीं किया गया है, तो इसकी जांच कर पंचायत से राशि विद्युत कंपनी में जमा कराई जाएगी।

## नर्मदा जल सप्लाई बंद, पानी को तरसे लोग

**24 घंटे पानी देने की योजनाः 2 दिन में एक घंटे भी नसीब नहीं हो पा रहा लोगों को नर्मदा जल**

नगर में पिछले चार दिनों से नर्मदा जल सप्लाई ठप होने के कारण नागरिकों को भारी जल संकट का सामना करना पड़ रहा है। नगर के विभिन्न वार्डों में रहने वाले लोग बूंद-बूंद पानी के लिए परेशान हैं और दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति करना भी मुश्किल हो गया है। स्थिति इतनी गंभीर हो गई है कि लोगों को दूर-दराज से पानी लाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि नर्मदा जल योजना के अंतर्गत नियमित जल आपूर्ति का वादा किया गया था, लेकिन वास्तविकता इससे बिल्कुल अलग है। नागरिक विशाल, बसंत, उत्तम, संदीप और लखन ने अपनी नाराजगी व्यक्त करते हुए बताया कि इस योजना से उन्हें राहत मिलने के बजाय और अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उनका कहना है कि जल सप्लाई अक्सर बाधित रहती है—कभी मोटर खराब होने का बहाना बनाया जाता है तो कभी पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने की बात कहकर सप्लाई बंद कर दी जाती है। नागरिकों ने यह भी आरोप लगाया कि संबंधित कर्मचारी ₹आज-कल₹ कहकर लोगों को लगातार गुमराह कर रहे हैं, लेकिन समस्या का कोई स्थायी समाधान नहीं किया जा रहा है। इससे लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है और प्रशासन के प्रति असंतोष स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है। नगरवासियों ने मांग की है कि जल आपूर्ति को नियमित और सुचारु बनाने के लिए स्थायी समाधान किया जाए, ताकि उन्हें बार-बार इस तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। साथ ही, उन्होंने प्रशासन से पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने की भी अपील की है। यदि शीघ्र ही इस समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो नागरिक आंदोलन का रास्ता अपनाने के लिए मजबूर हो सकते हैं। फिलहाल, तेंदूखेड़ा नगर के लोग पानी की किल्लत से जूझ रहे हैं और प्रशासन की ओर उम्मीद भरी नजरों से देख रहे हैं। इस संबंध में नगर परिषद के प्रतिनिधि रामकुमार यादव ने बताया कि नर्मदा जल सप्लाई की मोटर खराब हो जाने के कारण जल आपूर्ति बाधित हुई है। उन्होंने आश्वासन दिया कि मोटर को ठीक कराने के प्रयास किए जा रहे हैं और जल्द ही सप्लाई बहाल कर दी जाएगी। हालांकि, नागरिकों का कहना है कि इस प्रकार के आश्वासन उन्हें पहले भी कई बार दिए जा चुके हैं, लेकिन स्थिति में कोई ठोस सुधार नहीं हुआ है। वहीं, इस मुद्दे पर जानकारी लेने के लिए प्रोजेक्ट मैनेजर तुषार ठाकरे जबलपुर से संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन उन्होंने फोन उठाना उचित नहीं समझा। इससे प्रशासन की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।

# तेलन घाट मार्गः दुर्गम से सुगम सफर की ओर

**सिंग्रामपुर–पोंडी–माला रोड का निर्माण अंतिम चरण में**



**बनवार/दमोह।** हिंडोरिया, बनवार और बम्हौरी अंचल के लोगों के लिए राहत भरी खबर है। जबलपुर तक कम दूरी की सीधी कनेक्टिविटी देने वाली सिंग्रामपुर–पोंडी–माला रोड के तेलन घाट पर बन रही सड़क अब पूर्णता के करीब पहुंच गई है। करीब 2.3 किलोमीटर लंबी इस सड़क का निर्माण 300.70 लाख रुपये की लागत से किया जा रहा है और कार्य तेजी से अंतिम चरण में है। यह वही दुर्गम घाटी क्षेत्र है, जहां वर्ष 2012-13 में लगभग 12 करोड़ रुपये की लागत से सड़क बनाई गई थी, लेकिन समय के साथ यह हिस्सा जर्जर हो गया और लंबे समय तक उपेक्षित रहा। बीते एक दशक में इस घाटी मार्ग के निर्माण के कई प्रयास हुए। यहां तक कि 24 किलोमीटर लंबे मार्ग में से करीब ढाई किलोमीटर के घाटी हिस्से को छोड़कर माला और पोंडी की ओर सड़क निर्माण भी किया गया, लेकिन रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व क्षेत्र में वन विभाग की अनुमति न मिलने से यह महत्वपूर्ण घाटी हिस्सा बार-बार अधूरा रह गया। हाल ही में वन विभाग से अनुमति मिलने के बाद प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत यथावत घाटी मार्ग पर ही निर्माण कार्य शुरू किया गया, जो अब लगभग 90 प्रतिशत पूरा हो चुका है। मार्ग तैयार होते ही जबलपुर महानगर से सिंग्रामपुर होते हुए हिंडोरिया, हटा, बांदकपुर, कुंडलपुर, बनवार और बम्हौरी तक 12 महीने सुगम आवागमन संभव हो सकेगा। इस सड़क के बन जाने से देव श्री जागेश्वर नाथ धाम बांदकपुर और बड़े बाबा कुंडलपुर जैसे प्रमुख तीर्थ स्थलों तक पहुंच भी आसान हो जाएगी, जिससे क्षेत्र में धार्मिक और स्थानीय आवागमन को नई गति मिलेगी। प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के इंजीनियर मुकेश पांडे के अनुसार निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है और एक सप्ताह के भीतर सड़क पूरी होने की संभावना है। वहीं प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के जीएम देवेश साहू ने बताया कि घाटी क्षेत्र में सुरक्षा के लिहाज से रेलिंग, साइन बोर्ड सहित सभी जरूरी सुरक्षा कार्य किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि सड़क कनेक्टिविटी का मुख्य कार्य पूरा हो चुका है और अब अंतिम फिनिशिंग का काम जारी है। यह सड़क न केवल दूरी कम करेगी, बल्कि वर्षों से दुर्गम घाट से जूझ रहे क्षेत्रवासियों को बड़ी राहत भी देगी।

## धर्म नगरी बांदकपुर में खुले आम बिक रही अवैध शराब



**दमोह।** जिले की धर्म नगरी बांदकपुर तीर्थ क्षेत्र में शासन के प्रतिबंध है के बावजूद भी अवैध शराब का कारोबार खुलेआम किया जा रहा हैं सामाजिक तत्वों द्वारा किया जा रहा है भगवती मानव कल्याण संगठन द्वारा बार-बार पुलिस को सूचना देकर अवैध शराब पर रोक लगाई जा रही है लेकिन शराब माफिया द्वारा पूरे क्षेत्र में अवैध शराब का कारोबार खुले आम चल रहा है ऐसा लगता है की शासन प्रशासन का माफिया को खुला संरक्षण प्राप्त है जिससे धर्म क्षेत्र में असामाजिक तत्वों का बोलबाला ह है संगठन द्वारा नशा विरोधी जन आंदोलन चलाया जा रहा है जिसमें पुलिस को सूचना देकर बार-बार अवैध शराब क्षेत्र में पकड़वाई जा रही है आज दिनांक 17 मार्च को दोपहर 2:00 बजे 97 पाव देसी लाल मसाला परिवहन करते हुए पुलिस को सूचना देकर संगठन द्वारा पुनः पकड़ा गया है इस गाड़ी से बार-बार अवैध शराब का परिवहन किया जा रहा है मीडिया प्रभारी आनंदी रजक ने कहा है कि संगठन द्वारा शराब विरोधी जन आंदोलन और तीव्र गति से चलाया जाएगा।

## शिक्षक पात्रता परीक्षा को लेकर शिक्षा मंत्री एवं आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

**दमोह।** वर्तमान में शिक्षकों की प्रमुख समस्या टी ई टी परीक्षा को लेकर मध्यप्रदेश शिक्षक संघ दमोह द्वारा लगातार जिला ओर प्रदेश स्तर पर स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों एवं शासन से चर्चा कर इस समस्या के निराकरण हेतु उचित कदम उठाने का अनुरोध कर रहा है वहीं प्रदेश स्तर पर प्रांतीय इकाई इस समस्या को लेकर सक्रियता से कार्य कर रही है। मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ क्षत्रवीर सिंह राठौर एवं महामंत्री राकेश गुप्ता ने आज भोपाल में स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह के आवास पर पहुंचकर टी ई टी परीक्षा स्थगित करने एवं उत्तर प्रदेश सरकार की भांति सर्वोच्च न्यायालय दिल्ली में पुनर्विचार याचिका लगाने हेतु विस्तृत चर्चा करते हुए ज्ञापन सौंपा। स्कूल शिक्षा मंत्री ने तत्काल मंत्रालय में स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव डॉ. संजय गोयल से दूरभाष पर चर्चा की एवं विभाग भी समूचे शिक्षक संवर्ग के हित में सर्वोच्च न्यायालय में याचिका लगाएगा, ऐसा आश्वासन उनके द्वारा दिया गया। इसके बाद प्रांत अध्यक्ष एवं महामंत्री ने लोक शिक्षण संचालनालय पहुंच कर आयुक्त एवं संचालक से बिंदुवार विस्तृत चर्चा की। संचालक लोक शिक्षण श्री के के द्विवेदी द्वारा चर्चा के दौरान अपर संचालक सुश्री कामना आचार्य एवं अन्य अधिकारियों को बुलाकर शिक्षक पात्रता परीक्षा के संबंध में स्थिति स्पष्ट की। परीक्षा की तिथि बढ़ाने, पब्लिक डोमेन में सूची डालने व किन शिक्षकों को इसमें सम्मिलित होना है, इसकी विस्तृत जानकारी देने एवं सर्वोच्च न्यायालय में याचिका लगाने संबंधी चर्चा की गई, चर्चा के द्वारा विभाग द्वारा संघ को उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया गया। मध्यप्रदेश शिक्षक संघ दमोह के वरिष्ठ मार्गदर्शक पारस कुमार जैन, प्रांतीय उपाध्यक्ष महेंद्र कुमार जैन,संभागीय अध्यक्ष प्रमेंद्र जैन, जिलाध्यक्ष कमलेश सेन, संजय पाठक, अरविंद चौराहा, मनीष भारद्वाज, आर बी सिंह, नीतेश पाठक, महेश गुप्ता, श्रीमती दीपमाला जैन, नीलेश जैन, भागचंद जैन, संदीप सोनी, महेश विश्वकर्मा, अरविंद पटेल, जितेंद्र खटीक, अमित जैन, अशोक साहू आदि ने प्रांतीय इकाई द्वारा किए जा रहे प्रयासों की प्रशंसा करते हुए प्रांताध्यक्ष डॉ श्री क्षत्रवीर सिंह राठौर जी एवं महामंत्री श्री राकेश गुप्ता जी के प्रति आभार व्यस्त किया है।

## जो गरीबी में संतोषी रखता है उसे भगवान बिना मांगे ही सब देते हैं

**दमोह।** श्री सिद्ध धाम हनुमान मंदिर खेजरा धाम में संगीतमय श्रीमदभागवत कथा में आज अंतिम दिवस कथा व्यास संजय शास्त्री महाराज जी द्वारा सुदामा चरित्र भगवान कृष्ण और उनके निर्धन सखा सुदामा की निस्वार्थ मित्रता, अटूट भक्ति और त्याग की पावन कथा श्रवण कराई गई। गरीबी में भी संतोषी रखना चाहिए। जो संतोषी रखता है उसे बिना मांगे ही सब कुछ मिल जाता है। जैसा सुदामा जी के साथ हुआ। सुदामा की पत्नी सुशीला के आग्रह पर द्वारकाधीश कृष्ण से मिलने जाते हैं, जहाँ कृष्ण उन्हें गले लगाकर, आंसुओं से चरण धोकर आदर देते हैं और बिन मांगे ही सुदामा की गरीबी दूर कर देते हैं। सुदामा चरित्र की मुख्य बातेंः बचपन की मित्रताः सुदामा और कृष्ण सांदीपनि मुनि के आश्रम में सहपाठी थे। अत्यधिक निर्धनताः सुदामा अत्यंत गरीब थे और भिक्षा मांगकर परिवार पालते थे, फिर भी संतोषी थे। द्वारका यात्राः पत्नी सुशीला के कहने पर वे मित्र कृष्ण से मिलने द्वारका गए, भेंट स्वरूप केवल कुछ मुट्ठी चावल (चिउड़े) लेकर। कृष्ण-सुदामा मिलनः कृष्ण ने सुदामा को सिंहासन पर बैठाया, अश्रुओं से चरण धोए और दोनों बचपन की यादों में खो गए। बिना मांगे सब कुछः सुदामा ने संकोचवश चावल नहीं दिए, लेकिन कृष्ण ने भांपकर खा लिए। सुदामा को कुछ न मांगकर भी, घर लौटने पर कृष्ण की कृपा से दिव्य महल मिला। पंडित संजय शास्त्री जी ने कहा कि यह कथा सिखाती है कि भगवान केवल प्रेम और भक्ति के भूखे हैं, और सच्चा मित्र हमेशा विपत्ति में सहायक होता है। कथा के उपरान्त हवन पूजन पूर्णाहुति के बाद प्रसाद वितरण किया गया। कथा आयोजक जीवनलाल पटेल ने सभी से अनुरोध किया है कि बुधवार को आयोजित भंडारे में आप सभी प्रसाद ग्रहण करे।

## ग्राम पंचायत पतलोनी में जल उत्सव कार्यक्रम का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेजगढ




जबेरा विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत पतलोनी में जल निगम विभाग की ओर से जल उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। माँ सरस्वती ओर भारत माता के चित्र पर फूल माला चढाकर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंत्री जी के अनुज सत्येंद्र सिह लोधी रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता तेंदूखेड़ा जनपद पंचायत अध्यक्ष तुलाराम यादव ने की जल निगम के कार्यक्रम मे उपस्थित सभा को संबोधित करते हुए सत्येंद्र सिह लोधी ने कहा कि पहले पानी इतना नहीं था। नहाने को तालाब, नदी जाना पड़ता था। आज पानी बह रहा है, इसका दुरुपयोग ना करें। पानी बर्बाद हो रहा है तो उसे बंद करने का प्रयास करें। मंत्री जी के पास पतलोनी की बात आती है तो विशेष ध्यान देकर हल करते है। जल को बचाकर रखना चाहिए। इसका दुरूपयोग ना करे, क्योंकि पृथ्वी में पीने वाला पानी कम है। आने वाली पीढी को भी बचाकर रखें। कोई भी व्यक्ति यह नहीं सोचता था कि घर घर पानी मिलेगा। मंत्री जी के प्रयासों से आज पानी घर पहुंच रहा है। कार्यक्रम की सराहना करते हुए मंत्री जी की ओर से और स्वयं ने सभी को धन्यवाद दिया। जनपद अध्यक्ष तुलाराम यादव ने सभा को संबोधित कर कहां जनप्रतिनिधियों की कोशिश के बाद पानी मिल रहा है। पहले महिलाएँ सर पर दूर से पानी कुआं से लाती थी। अब जनप्रतिनिधियों की कोशिश के बाद घर घर पानी पहुंचने लगा। इसका पूरा लाभ आप लोगों को मिल रहा है, और कहां जल ही जीवन है। पानी मिलने में किसी प्रकार की परेशानियां आती है तो जनप्रतिनिधि हैं जिनको बताएं सुधार किया जाएगा। जल निगम अधिकारियों को धन्यवाद देते हुए कहा कि जल ही जीवन है, जल को बचा के रखे। भारतीय जनता पार्टी के जिला कमेटी के मंत्री भारत सिंह ने जल मिशन के संबंध में बताया अंत में जल निगम की ओर सरपंच को प्रमाण पत्र दिया गया। जल निगम में अच्छा कार्य करने वाले पतलोनी के कर्मचारियों को प्रशंसा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का आभार व्यक्त सरपंच प्रतिनिधि बेडी सिह ने किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ प्रवीण फूल पुगारे, जल निगम प्रबंधक गौरव सराफ, प्रबंधक मनोज राज, भारत सिह,अध्यक्ष हीरा सिंह,पूर्व सरपंच पहारी सिंह, सरपंच तिज्जा बाई, बीडीसी सदस्य हरि सीग यादव, डा सुशील जैन, ऋषि दीक्षित, राजू दुबे, धन कुमार विश्वकर्मा, सचिव मिट्ठू सिंह, ओमप्रकाश विश्वकर्मा, राहुल परिहार, जावेद खान, सतनाम जाटव, सुरभी, पूजा, भरत विश्वकर्मा, बडी संख्या मे ग्राम के गणमान्य जन जन प्रतिनिधि कन्याएँ जन समूह उपस्थित रहा।

## गर्मियों में अमरूद के बगीचे के वैज्ञानिक प्रबंधन से बढ़ेगा उत्पादन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बटियागढ

जिले के बटियागढ़ क्षेत्र में लक्ष्य शिक्षा एंड राहतकोष फाउंडेशन की टीम के विषय विशेषज्ञ डॉ. द्वारका एवं उनकी टीम जिसमें किसान रूपेंद्र सिंह लोधी , भरत सिंह विनोद उदेनिया बबलू खान व अन्य साथी किसानों द्वारा समय समय पर कृषि से संबंधित निगरानी करते हुए इस बार अमरूद के किसानों के पास निगरानी हेतु गये जिसमें डॉ. द्वारका द्वारा साथी किसान रूपेंद्र सिंह लोधी बबलू खान कृषि विस्तार अधिकारी दिनेश पटेल उद्यानिकी विभाग से देवेन्द्र पटेल बगीचे के सुधार हेतु कुछ बिंदु सुझाए गए जिसमें बताया कि वर्तमान में गर्मी के मौसम में अमरूद के बगीचों की उचित देखभाल करना, अधिक उपज हेतु किसानों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। इस समय तापमान अधिक होने के कारण पौधों में नमी की कमी, कीट-रोगों का प्रकोप तथा खरपतवार की समस्या बढ़ जाती है। ऐसे में डॉ . द्वारका द्वारा समय समय पर किसानों को सलाह दी जाती है कि बगीचे में समय-समय पर सिंचाई, पौध संरक्षण एवं बाग प्रबंधन की समस्त आवश्यक क्रियाएं अपनाई जाएं, जिससे पौधों की वृद्धि अच्छी बनी रहे और उत्पादन पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े। डॉ. द्वारका के अनुसार गर्मियों में अमरूद के पौधों को लगभग 10 से 15 दिनों के अंतराल पर सिंचाई देना लाभकारी रहता है, जिससे मिट्टी में नमी बनी रहती है और पौधों की वृद्धि सुचारु रूप से होती है। इसके साथ ही ड्रिप सिंचाई प्रणाली अपनाने से पानी की बचत के साथ-साथ पौधों को आवश्यक नमी भी नियमित रूप से मिलती है। बगीचे में उगने वाले खरपतवारों को नियंत्रित करने के लिए समय-समय पर निराई-गुड़ाई करना भी आवश्यक है, क्योंकि खरपतवार पौधों के पोषक तत्वों और नमी को कम कर देते हैं। गर्मी से पौधों की सुरक्षा के लिए किसानों को मल्चिंग तकनीक अपनाने की सलाह दी जाती है। इसके अंतर्गत पौधों के चारों ओर सूखी पत्तियां, भूसा या प्लास्टिक मल्च बिछाने से मिट्टी की नमी सुरक्षित रहती है तथा अधिक तापमान का प्रभाव कम पड़ता है। साथ ही बगीचे में सूखी, रोगग्रस्त एवं अनावश्यक शाखाओं की कटाई-छंटाई करने से पौधों में वायु संचार बेहतर होता है और रोगों की संभावना कम हो जाती है। डॉ. द्वारका के अनुसार पौध संरक्षण की दृष्टि से अमरूद के बगीचों में फल मक्खी, छाल भक्षक कीट तथा विभिन्न फफूंदजनित रोगों की निगरानी करना भी आवश्यक है। इनके नियंत्रण के लिए संक्रमित फलों और टहनियों को नष्ट करना, बगीचे की नियमित सफाई रखना तथा आवश्यकता अनुसार अनुशंसित कीटनाशकों एवं फफूंदनाशकों का छिड़काव करना चाहिए। डॉ. द्वारका, कीटशास्त्र विभाग, कृषि महाविद्यालय, पन्ना का मानना है कि यदि किसान गर्मियों के मौसम में अमरूद के बगीचों में सिंचाई, मल्चिंग, निराई-गुड़ाई, कटाई-छंटाई तथा कीट-रोग प्रबंधन जैसी सभी कृषि क्रियाओं को वैज्ञानिक ढंग से अपनाते हैं, तो पौधों की वृद्धि बेहतर होती है और किसानों को अधिक एवं गुणवत्तापूर्ण उत्पादन प्राप्त होता है। इसलिए किसानों को चाहिए कि वे समय-समय पर बगीचे का उचित प्रबंधन करते हुए आधुनिक तकनीकों को अपनाएं, जिससे अमरूद की खेती अधिक लाभकारी बन सके।

## लोधी समाज की बैठक संपन्नः रानी अवंती बाई का बलिदान दिवस 20 मार्च को मनाया जाएगा



**जबेरा।** जनपद पंचायत जबेरा के ग्राम नोहटा में जिला लोधी क्षत्रिय समाज की बैठक हाल ही में संपन्न हुई। जिसमें आगामी 20 मार्च 2026 को महान वीरांगना रानी अवंती बाई के बलिदान दिवस के आयोजन पर चर्चा की गई। यह आयोजन नोहटा के अवंती बाई लोधी मूर्ति परिसर में किया जाएगा। रानी अवंती बाई 1857 की क्रांति की प्रमुख सेनानियों में से एक थीं, और उनका बलिदान भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में विशेष महत्व रखता है। वे मध्य प्रदेश के रामगढ़ क्षेत्र की वीरांगना थीं, जिन्होंने 1857 के भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के दौरान अंग्रेजों के खिलाफ युद्ध लड़ा। रानी अवंती बाई ने 20 मार्च 1858 को अंग्रेजों से घिर जाने पर जीवित पकड़े जाने के बजाय अपनी ही तलवार से आत्मबलिदान दे दिया। उनके इस साहसिक और नायक कदम के कारण उन्हें भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की पहली महिला शहीद माना जाता है। बैठक में यह तय किया गया कि रानी अवंती बाई के बलिदान दिवस के मौके पर एक भव्य आयोजन किया जाएगा, जिसमें समाज के सभी लोग और समर्थक बड़ी संख्या में हिस्सा लेंगे। इस आयोजन को विशेष रूप से यादगार बनाने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें वीरता पर आधारित प्रस्तुतियां, व्याख्यान और श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। इसके अलावा, लोधी समाज के सदस्य वाहन रैली के माध्यम से नोहटा पहुंचेंगे, जो पहले तेंदूखेड़ा, तारादेही और तेजगढ़ से निकलेंगी। लोधी समाज की बैठक के दौरान यह भी चर्चा की गई कि समाज के युवाओं को रानी अवंती बाई की वीरता और संघर्ष के बारे में जागरूक किया जाए, ताकि उनका साहस और त्याग आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा स्रोत बने। समाज के वरिष्ठ सदस्य इस आयोजन को ऐतिहासिक रूप से महत्वपूर्ण मानते हैं और इस तरह के कार्यक्रमों के माध्यम से लोधी समाज के गौरव को बढ़ाने की दिशा में निरंतर प्रयासरत हैं। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि आयोजन को सफल बनाने के लिए समाज के सभी सदस्य मिलकर कड़ी मेहनत करेंगे और इसे एक यादगार अवसर बनाएंगे। रानी अवंती बाई का बलिदान न केवल लोधी समाज, बल्कि समग्र भारतीय समाज के लिए एक अमिट धरोहर है, जिसे आने वाली पीढ़ियों तक पहुँचाना समाज की जिम्मेदारी है।

## तेंदूखेड़ा में प्रस्तावित मदिरा दुकान के स्थानांतरण का कड़ा विरोध

**तेंदूखेड़ा।** नगर वार्ड क्रमांक 11 एवं 12 के समस्त रहवासियों ने प्रस्तावित मदिरा दुकान "ए" को वर्तमान स्थान से हटाकर नायरा पेट्रोल पंप से ग्राम चौरई की सीमा तक स्थानांतरित किए जाने के प्रस्ताव पर कड़ा विरोध दर्ज कराया है। इस संबंध में रहवासियों द्वारा अनुविभागीय अधिकारी को को ज्ञापन के माध्यम से औपचारिक आपत्ति प्रस्तुत की गई है। इस ज्ञापन को अनुविभागीय अधिकारी के नाम तहसीलदार विवेक व्यास को सोपा गया है जिसमें उल्लेख किया है कि उन्हें जानकारी प्राप्त हुई है कि मदिरा दुकान को नायरा पेट्रोल पंप के समीप मुख्य मार्ग पर खोलने का प्रयास किया जा रहा है, जो कि घनी आबादी वाले क्षेत्र के अंतर्गत आता है। इस मार्ग पर बड़ी संख्या में परिवार निवास करते हैं, जिनमें छोटे बच्चे, महिलाएं एवं बुजुर्ग शामिल हैं। ऐसी स्थिति में मदिरा दुकान के संचालन से क्षेत्र में असामाजिक गतिविधियों की आशंका बढ़ सकती है, जिससे आमजन की सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था प्रभावित होने का खतरा बना रहेगा। स्थानीय निवासियों ने यह भी बताया कि यह मार्ग स्कूल आने-जाने वाले बच्चों के लिए प्रमुख रास्ता है, जहां स्थित श्री शिव शिशु हाई स्कूल के विद्यार्थी प्रतिदिन आवागमन करते हैं। ऐसे में मदिरा दुकान की उपस्थिति बच्चों के मानसिक एवं सामाजिक वातावरण पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकती है। इसके अतिरिक्त, महिलाओं की सुरक्षा को लेकर भी गंभीर चिंताएं व्यक्त की गई हैं। वार्ड क्रमांक 12 के पार्षद दिव्या साहू सहित समस्त नागरिकों ने एकमत होकर इस प्रस्ताव का विरोध किया है और प्रशासन से मांग की है कि जनहित को ध्यान में रखते हुए इस निर्णय पर पुनर्विचार किया जाए। रहवासियों का कहना है कि विकास के नाम पर इस प्रकार के निर्णय स्थानीय सामाजिक ताने-बाने को कमजोर कर सकते हैं, जिसे किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जा सकता। सैकड़ो रहवासियों ने इस मुद्दे पर एकजुट होकर अपनी आपत्ति दर्ज कराई है और प्रशासन से आग्रह किया है कि मदिरा दुकान को आबादी से दूर किसी उपयुक्त स्थान पर ही स्थापित किया जाए।

## खबर संक्षेप

### निषादराज जयंती तैयारियों को लेकर माझी समाज की बैठक आज

**दमोह।** 23 मार्च को निषादराज जयंती पर शाम 04 बजे महाराणा प्रताप स्कूल के मैदान से आयोजित विशाल शोभायात्रा की तैयारियों को लेकर रैकवार, केवट, बर्मन, धुरिया, कहार माझी समाज की कामकाजी बैठक का आयोजन दिनांक 18 मार्च 2026 दिन बुधवार को शाम 07 बजे आमचौपरा स्थित जहान्वी कुंज में कामकाजी टौली बैठक का आयोजन किया गया है जिसमें समस्त वार्डों के प्रमुख लोगों को सादर आमंत्रित किया गया है।

### नशामुक्त दमोह मैराथन दौड़ का आयोजन आज

**दमोह।** संस्था उन्मुक्त सर्व जन कल्याण समाज सेवी संस्था दमोह विगत कई वर्षों से नशा मुक्ति के क्षेत्र में कार्य करती आ रही है। इसी कड़ी में सामाजिक न्याय एवं दिव्यांग जनशक्तिकरण विभाग के मार्गदर्शन में लगभग 8 माह से नुक्कड़ नाटक, केम्प के माध्यम से दमोह जिले के शहरी वार्ड एवं ग्राम पंचायतो में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नशा के रोकथाम के लिए कार्यक्रम आयोजित करती आ रही है जिसमें हमारी संस्था दिनांक 18.03.2026 दिन बुधवार समय सुबह 10 बजे से नशामुक्त दमोह मैराथन दौड़ कलेक्ट्रेट परिसर से किल्लाई नाका सांदीपनि शासकीय विद्यालय मे समापन किया जायेगा। जिसमें आपकी उपस्थिति में हरी झंडी दिखाकर मैराथन दौड़ आरंभ करे जिससे समाज में नशामुक्ति के प्रति एक अच्छा संदेश प्रदान किया जा सके। गरीमामयी उपस्थिति प्रदान करने की संस्था ने अपील की है।

### राज्यपाल के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा

**पथरिया।** आजाद भारत पार्टी द्वारा तीन सूत्रीय मांगों को लेकर राज्यपाल के नाम एसडीएम पथरिया को ज्ञापन सौंपा जिसमें तेज रफ्तार वाहनों पर प्रतिबंध लगाया जावें, वृद्धा पैंशन बढाकर तीन हजार की जाएं, किन्नरों द्वारा शादियों वाले घरों में जबरदस्ती पैसा लेने पर प्रतिबंध लगाया जावें। इस अवसर पर आजाद भारत पार्टी के संयोजक राम रतन यादव, प्रदेश अध्यक्ष सरला चौबे व साथी उपस्थित रहे।

### राज्यमंत्री ने शोक संवेदनाएं व्यक्त

**दमोह।** प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेंद्र सिंह लोधी ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के बैतूल स्थित निवास पहुँचकर उनकी सुपुत्री सुरभि खंडेलवाल के असामयिक निधन पर शोक संवेदनाएं व्यक्त कीं और परिवार के सदस्यों को ढांढस बंधाया।

सीएमओ पर लगाया मनमानी का आरोप, सीएमओ ने स्थगित बैठक आज पुन: बुलाई

# नगर परिषद की बैठक में शामिल नहीं हुए अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व पार्षद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पटेरा

पटेरा नगर परिषद में 17 मार्च को बजट जो लेकर आयोजित बैठक में परिषद के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सभापति व सत्ता पक्ष एवं विपक्ष का कोई भी पार्षद शामिल नहीं हुआ। इन्होने बैठक का बहिष्कार कर दिया। सीएमओ प्रेम सिंह चौहान ने उक्त बैठक स्थगित कर 18 मार्च को शाम 4 बजे से स्थगित बैठक आयोजित की है। इस संबंध में परिषद के सत्ता पक्ष व विपक्ष के सभी पार्षदों ने एक मतेन सीएमओ की कार्यप्रणाली पर नाराजगी जता कर मनमानी तानाशाही का आरोप लगाया है। 18 मार्च की बैठक में भी शामिल न होने की बात कही है। अध्यक्ष प्रतिनिधि ने बताया कि बैठक स्थगित करने सीएमओ को पत्र लिखा था परन्तु उन्होंने नियमों का हवाला देकर बैठक निरस्त नहीं की। आवास योजना में भी मनमानी की जा रही है। अध्यक्ष प्रतिनिधि ने कहा कि हरिजन महिला अध्यक्ष की बात को सीएमओ दरकिनार कर रहे है। आवास योजना के द्वितीय डीपीआर में अपने चहेतों के नाम देकर बिना परिषद को बताए सूची स्वीकृत कराने का प्रयास किया जा रहा है।

सीएमओ से नाराज़ सदस्य एक मतेन नज़र आ रहे हैं जो अपने अनुसार सदन के समक्ष ही सारी बातें रखने पर जनहित में निर्णय लेंगे व जरूरत पड़ने पर कोई भी कदम उठाने तैयार है।



### अध्यक्ष महोदय की मर्जी से बुलाई थी बैठकः सीएमओ

सीएमओ प्रेम सिंह चौहान ने इस सम्बन्ध में कहा कि बैठक अध्यक्ष महोदय की मर्जी से ही बुलाई थी। उन्होंने 16 मार्च को निरस्त करने पत्र लिखा जो मैने नियमानुसार नहीं माना। स्थगित बैठक 18 मार्च को बुलाई है। आवास योजना पर उनका कहना था कि बिना दावा आपत्ति के सूची में नाम नहीं जोड़े जा सकते। वैसे भी यहां आवास का लक्ष्य पूर्ण है। सदस्यों से चर्चा करेंगे।

## पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल आज आयेंगे दमोह

**दमोह।** मध्य प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व विधायक मध्य प्रदेश विधानसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल भैया का आज 18 मार्च को 11 बजे दमोह पहुंच रहे हैं। राहुल भैया जिले के समस्त कांग्रेस कार्यकर्ता और पदाधिकारी को संबोधित करेंगे और संगठन की मजबूती के लिए विकासखंड स्तरीय मंडलम सेक्टर एवं पंचायत कमेटियों से चर्चा कर अपनी रिपोर्ट अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी को सौंपेंगे। उल्लेखनीय है कि अजय सिंह राहुल भैया बुंदेलखंड में इस गर्म मौसम में बुंदेलखंड के समस्त जिलों का दौरा कर कार्यकर्ताओं के मनोबल और उन्हें समर्पित भाव से आने वाले समय में संघर्ष के लिए मानसिक रूप से मजबूत करेंगे। कांग्रेस कमेटी ने ज्यादा से ज्यादा संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं से कार्यक्रम में पहुंचने की अपील की है। जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय, टंडन टाल परिसर दमोह में कार्यक्रम का आयोजन होगा। उक्त जानकारी वरिष्ठ कांग्रेस नेता एडवोकेट वीरेंद्र दवे द्वारा दी गई।

## गुटखा के अवैध मुनाफे और कालाबाजारी का क्षेत्र में खुलेआम चल रहा खेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

राजश्री गुटखा के अवैध मुनाफे और काला बाजारी का नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र में खेल खुलेआम चल रहा है। सूत्रों के मुताबिक नगर के कुछ बड़े व्यापारी और एजेंसी मालिक शासन के नियमों को ताक पर रखकर निर्धारित मूल्य से कहीं अधिक दामों पर गुटखा बेच रहे हैं। इस अवैध वसूली के पीछे बजट में जीएसटी में 40 प्रतिशत वृद्धि का हवाला दिया जा रहा है, जिसकी आड़ में एजेंसी मालिक दुकानदारों से मोटी रकम वसूल रहे हैं। प्रशासनिक निगरानी के अभाव में फल-फूल रहे इस काले कारोबार से आम उपभोक्ताओं में भारी रोष है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि खाद्य विभाग की निष्क्रियता के चलते कालाबाजारी करने वालों के हौसले बुलंद हैं। जनता ने कलेक्टर और संबंधित विभाग से मांग की है कि इस सिंडिकेट की जांच कर दोषियों पर सख्त कार्यवाही की जाए, ताकि आम जनता को हो रही इस लूट पर अंकुश लग सके। वही एक स्थानीय दुकानदारों ने बताया, हमें निर्धारित मूल्य से अधिक दाम पर गुटखा खरीदना पड़ रहा है, जिससे हमारा मुनाफा कम हो रहा है। अगर हम निर्धारित मूल्य पर गुटखा बेचते हैं तो एजेंसी मालिक हमें गुटखा देना बंद कर देते हैं। एक उपभोक्ता ने बताया मैंने हाल ही में एक गुटखा पैकेट खरीदा था, जिसकी कीमत 10 रुपये होनी चाहिए थी, लेकिन मुझसे 15 रुपये लिए गए। जब मैंने दुकानदार से इसकी शिकायत की तो उन्होंने बताया कि एजेंसी मालिक ने उन्हें महंगे दाम मे दिया है। वही 20 वाली राजश्री गुटखा 25 एवं 30 का और 40 वाला 50 का बेचा जा रहा है जबकि प्रिंट रेट पुराना ही हैं। अब तो राजश्री गुटखा प्रेमी बहुत परेशान हैं। बड़े दुकानदार और राजश्री की डीलर अत्यधिक मुनाफा कमाने ब्लैक मार्केटिंग कर रहे।

## विद्युत विभाग के अधिकारियों को शार्ट सर्किट से होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने दिया आवेदन

**जबेरा।** जनपद पंचायत जबेरा उपाध्यक्ष प्रतिनिधि सुजान सिंह ठाकुर एवं भगवती मानव कल्याण संगठन जबेरा के नेतृत्व में गेहूं की तैयार फसल को शॉर्ट सर्किट से होने वाली दुर्घटनाओं से बचाने हेतु विद्युत मंडल के नोहटा विद्युत केंद्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम मुवार, झरौली ,खमरिया, पटना ,छपरवाहा के किसानों की मांग को लेकर नोहटा विद्युत केंद्र के प्रभारी को जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि सुजान सिंह ने ज्ञापन देकर के किसानो की मांग रखी कि हमारे क्षेत्र में गेहूं की फसल पककर तैयार खड़ी है लेकिन विद्युत विभाग द्वारा दिन में लाइट दी जा रही है जिससे शॉर्ट सर्किट होने का डर हमेशा किसानों के मन में बना रहता है कि कही पूर्व की भांति किसानों के खेतों में पक कर खड़ी फसल मे आग लग जाती है और फसल जलकर खाक हो जाती है इस प्रकार की घटनाएं पूर्व में इस क्षेत्र में हो भी चुकी है इसी बात को ध्यान में रखते हुए जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि सुजान सिंह ने मांग की है किसानों को जो दिन में लाइट दी जा रही है उसको पूरी तरह से बंद कर दिया जाए और सप्लाई सिर्फ रात में ही चालू की जाए जिससे किसानों की उड़द वगैरा की फसल को पानी भी दिया जा सके, अगर विभाग के द्वारा दिन में लाइट बंद नहीं की जाती है और अगर कोई घटना घट जाती है तो इसकी जवाबदारी पूरी तरह से विद्युत विभाग की ही होगी।

## जिला कोर कमेटी की बैठक भोपाल में संपन्न



**दमोह।** जिले के प्रभारी मंत्री एवं मध्यप्रदेश शासन के वरिष्ठ मंत्रिमंडल सदस्य शदर सिंह परमार जी के भोपाल स्थित निवास पर भारतीय जनता पार्टी की जिला कोर समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठन से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई तथा आगामी कार्यक्रमों और संगठनात्मक गतिविधियों को लेकर महत्वपूर्ण रणनीति पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक के दौरान संगठन को और अधिक सशक्त बनाने, कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने तथा आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही पार्टी की नीतियों और योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए कार्यकर्ताओं से सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया गया। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री गौरव रणदिवे जी, प्रदेश मंत्री श्रीमती अर्चना सिंह, राज्य मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी, राज्य मंत्री लखन पटेल, वरिष्ठ विधायक जयंत मलैया, भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे, विधायक श्रीमती उमादेवी खटीक तथा पूर्व जिला अध्यक्ष प्रीतम सिंह लोधी सहित पार्टी के अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सतपारा में निःशुल्क एक दिवसीय पशुचिकित्सा शिविर का आयोजन



**दमोह।** हैडलबर्ग सीमेंट लिमिटेड यूनिट नरसिंहगढ़ दमोह के औद्योगिक सामाजिक दायित्व अंतर्गत संचालित एकिकृत पशु उत्थान कार्यक्रम अंतर्गत ग्राम सतपारा में पशु स्वास्थ्य एवं बाझपन निवारण शिविर का आयोजन किया गया जिसमें पशुचिकित्सक विषेषज्ञ द्वारा 484 पशुओं का उपचार कर निःशुल्क दवा का वितरण किया गया। साथ ही पशुपालन विभाग के पशु चिकित्सक डॉक्टर अभिषेक धुर्वे एवंAVFO प्रिंस कुमार की देख रेख में पशुओं में होने वाली विभिन्न प्रकार की बीमारियों जैसे बांझपन, कृत्रिम गर्भाधान डायरिया,इत्यादि निराकरण किया गया। इस शिविर में 483 पशुओं का उपचार किया गया जिसमें गाय, भैस एवं182 बकरियाँ शामिल है एवं 4 पशु का बाझपन दूर करने के लिए उपाय किया गया। शिविर में उपस्थित सभी किसान भाइयों को उनत्त पशु प्रबंधन की जानकारी दी गई एवं बाएफ संस्था के ए.पी.ओ. गौतम प्रसाद यादव एवं ग्राम के सरपंच धनीराम पटेल,विशाल पटेल , नीलेश विश्वकर्मा, हरिराम पटेल एवं ग्राम के पशुपालको की उपस्थिति रहे।

## इबादत और अकीदत के साथ गुजरी शब-ए-कद्र



**दमोह।** पवित्र रमजान माह की इबादत वाली रात 27वीं शब रात यानी शब-ए-कद्र के मुबारक मौके पर जिले भर की मस्जिदों में मुस्लिम भाईयों ने सारी रात इबादत में गुजारी और खुदा से मुल्क में अमन चैन की दुआएं माँगी।वहीं मस्जिदों के पेश इमाम हाफिजों द्वारा पूरे माह भर नमाजे तरावीह पढ़ाई जाने की ख़ुशी में उन सभी का फूल मालाओं से स्वागत इस्तक़बाल किया गया।इस अवसर पर मस्जिदों के इमामों ने भी समाज के लोगों का शुक्रिया अदा किया दमोह शहर की सभी मस्जिदों में महफ़लिं मिलाद का भी आयोजन हुआ। कछियान मस्जिद , जामा मस्जिद , छोटी मस्जिद पुलिस लाइन मस्जिद ,नूरानी मस्जिद पठानी मोहल्ला की मस्जिदे हनफ़ी , कुरैश मंडी मस्जिद लगभग जिले भर की हटा पटेरा पथरिया नरसिहंगढ़ हिंडोरिया सहित सभी मस्जिदों में इबादत का खास इंतज़ाम किया गया था। शबे कद्र की रात भर जागकर मस्जिदों में इबादत करना नमाजे अदा कर करना कुरान शरीफ पढ़ना यह सब इबादत का कई गुना ज्यादा सबाव मिलता है।

### वैश्य महिला इकाई ने किये आयोजन

**दमोह।** वैश्य महासम्मेलन जिला नगर इकाई दमोह महिला दिवस के उपलक्ष्य में बहुत से कार्यक्रमों का आयोजन महिलाओं द्वारा कियें गये। इसी तारतम्य में नगर वैश्य महिला इकाई ,जिला वैश्य महिला इकाई की बहनों ने सामूहिक रूप से खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया। जिसमें चेयर रेस ,प्रश्नोतरी ,एक्टिव खेल भी रहे। इन प्रतियोगिताओं का आयोजन स्थानीय *ज़ी .पी.होटेल* के लॉन में किया गया। आयोजन में जिला अध्यक्ष सुनीता गुप्ता ,नगर अध्यक्ष अनीता अग्रवाल ,जिला प्रभारी विद्या असाटी,खेल प्रकोष्ट प्रभारी कंचन असाटी ज़ी के साथ समस्त समिति सदस्य संरक्षक मंडल सुमन अग्रवाल ,सुमित्रा अग्रवाल तारा मणि ,नंदा असाटी ,रमा अग्रवाल सुनीता ,अन्जिता ,शोभना ,बबीता,संगीता ,सुनीताअसाटी एवं इकाई की बहनों की उपस्तिथि रही। खेल के अंत में पुरुस्कार वितरण कर। स्वल्पाहार की व्यवस्था रही। सभी उपस्थित सदस्यों के सहयोग के लिये विशेष आभार।

## कलेक्टर की अध्यक्षता में संपन्न हुई शांति समिति की बैठक

**दमोह।** जिले में आगामी पर्व चैत्र नवरात्रि, गुडी पड़वा, झूलेलाल जयंती, ईद-उल-फितर, रामनवमी, ज्वारे विसर्जन, महावीर जयंती, हनुमान जयंती, अंबेडकर जयंती, बैसाखी, गुड फ्राइडे, परशुराम जयंती आदि पर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक में विस्तार से चर्चा की गई। त्योहारों को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाये जायेगे, इस दौरान पेयजल, साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था सहित मूलभूत सुविधाएँ समय पर सुदृढ़ रूप से सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित विभागो के अधिकारियों को दिए गए। बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर अनिल राठौर ने की, जिसमें समिति के सदस्यों द्वारा कई महत्वपूर्ण सुझाव रखे गए। कलेक्टर श्री राठौर ने कहा, प्राप्त सुझावों को शामिल करते हुए बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएंगी, ताकि सभी त्योहार आपसी भाईचारे और समन्वय के साथ मनाए। उन्होने कहा कई मुद्दे आपस में जुड़े होते हैं, इसलिए उनका समय रहते समाधान करना आवश्यक है, जिससे त्योहारों के दौरान किसी प्रकार की परेशानी न हो। कलेक्टर श्री राठौर ने बताया बैठक में मुख्य रूप से साफ-सफाई और सड़कों के दुरुस्तीकरण से जुड़े मुद्दे सामने आए। उन्होने स्पष्ट निर्देश दिए कि नगरपालिका इन समस्याओं का निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करे। उन्होने बताया कुछ स्थानों पर बिजली के तार नीचे लटकने की समस्या पर भी चर्चा हुई। इस पर उन्होने बिजली विभाग को निर्देशित किया कि सभी व्यवस्थाएं नियमों के अनुरूप दुरुस्त की जाएं। कलेक्टर श्री राठौर ने कहा कि जिले में पूर्व में भी सभी त्योहार शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुए हैं, जो यहां की सामाजिक एकता को दर्शाता है। उन्होने सभी नागरिकों से अपील की कि वे आपसी भाईचारे के साथ मिल-जुलकर त्योहार मनाएं। शांति समिति के सदस्यो ने दी जिलेवासियो को आगामी पार्वो की शुभकामनाएॅं।

# पटेरा में मूल्यांकन करने वालों का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पटेरा



मूल्यांकन केंद्र शासकीय मॉडल उच्च माध्यमिक विद्यालय, पटेरा में मुख्य मूल्यांकनकर्ताओं द्वारा प्राप्त प्रस्तावों के आधार पर नियमित उपस्थिति के साथ सर्वाधिक उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन करने वाले विषय-वार एवं कक्षा-वार शिक्षकों का तथा अन्य सहयोगी स्टाफ का सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम मूल्यांकन केंद्र पटेरा में विकासखंड शिक्षा अधिकारी आई एल आठया , विकासखंड स्त्रोत समन्वयक दिलीप उपाध्याय, हरिभूमि ब्यूरो चीफ नरेंद्र बजाज, वरिष्ठ शिक्षक मोहन लाल ताम्रकार , मॉडल स्कूल प्राचार्य विवेक नेमा के आतिथ्य में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन मूल्यांकन केंद्र प्रभारी कमलेश शर्मा द्वारा आयोजित किया गया। सभी अतिथियों ने श्री शर्मा के मार्गदर्शन में मूल्यांकन कर्ताओं द्वारा समयसीमा के पूर्व ही मूल्यांकन कार्य पूर्ण होने पर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर सभी को बधाई दी गई। सम्मान प्राप्त करने वालों में सुदीप शुक्ला, दीपेश सोनी, रोली ताम्रकार ,शिवकुमार उपाध्याय जय सिंह सोलंकी बादशाह खान सुबोध राजपूत शामिल रहे। मुख्य मूल्यांकनकर्ता में शिशिर पांड्या अंग्रेज़ी,ब्रजेश सेन गणित, प्रदीप संस्कृत, संदीप बोरकर गणित ,कमलेश सेन सामाजिक विज्ञान, संतोष कटारिया विज्ञान, मुलायम सिंह राजपूत हिंदी, श्यामनारायण विश्वकर्मा हिंदी, अरविंद पटेल गणित, नरेंद्र सेन अंग्रेज़ी , मूसा खान अंग्रेज़ी पुरुषोत्तम पटेल हिंदी,गजेंद्र साहू पर्यावरण रहे। मूल्यांकन कर्ताओं में विमलेश सेन संतोष तंतुवाय अंग्रेज़ी, दिव्या सिपहा ,माधवी जैन विज्ञान शेख इक़बाल खान सामाजिक विज्ञान, पुरुषोत्तम सेन सामाजिक विज्ञान, कंछेदी सिंह लोधी गणित, हेमंत कुमार अहिरवार गणित, कमलेश नामदेव ,उत्तम अहिरवार संस्कृत, संतोष सिंह लोधी ,राजेश कुमार, गरिमा नामदेव हिंदी रूप नारायण पटेल अंग्रेज़ी, वर्षा जैन अंग्रेज़ी ,राहुल नामदेव, अनुज कुमार गणित, विपिन सिंह एवं अहिरवार हिंदी, ब्रजेंद्र ऊरमालिया ,महेंद्र पाठक ,पर्यावरण आदि रहे। सभी को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही विशेष सहयोगी शिक्षक जानकी शरण सिंह राजपूत ,चंदन पालीवाल, सुखेन्द्र पटेल, निर्मल सिंह लोधी, प्रमोद परोहा, अनिल ताम्रकार, रमाकांत दुबे , लेखराम ताम्रकार आदि की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन कमलेश शर्मा ने किया। आभार रामेश्वर चौरसिया शिक्षक ने माना।



## हिन्दू नववर्ष के उपलक्ष्य में निकाली गई भव्य वाहन रैली

**दमोह।** राष्ट्र सेविका समिति दमोह नगर द्वारा विशाल वाहन रैली निकाली गई। इस अवसर पर पारंपरिक वेशभूषा में गर्जना करती हुई राष्ट्र सेविका समिति की सेविकाओं के साथ नगर की समस्त सनातनी मातृशक्ति, तरुणी व बड़ी संख्या में विभिन्न वेशभूषा में छोटे-छोटे बच्चों की झाकियों को जोड़ते हुए मंगलवार 17 मार्च को शाम 4:00 बजे भव्य वाहन रैली का आयोजन स्थानीय जटा शंकर धाम से किया गया। हिन्दू नववर्ष के उपलक्ष्य में हो रहे कार्यक्रमों की श्रृंखला में यह भव्य वाहन रैली निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में मातृशक्तियों ने हिस्सा लिया। बड़ी संख्या में मातृशक्तियों ने पीले रंग की वेशभूषा धारण व लाल साफा बांधकर वन्दे मातरम, भारत माता की जय के उद्घोष के साथ, मुझे चढ़ गया भगवा रंग, घर-घर भगवा छाएगा. जैसे गीत में झूमते हुए विशाल वाहन रैली दमोह नगर के मुख्य मार्गों से होकर जटा शंकर धाम में आकर भारत माता की महाआरती के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। पुष्प वर्षा व जयघोष के साथ सभी सनातनी मातृशक्तियों का जगह- जगह, चौराहों पर स्वागत किया गया। इस अवसर पर राष्ट्र सेविका समिति की नगर व शाखा की सेविकाएं व अन्य सामाजिक संगठनों, संस्थाओं तथा समाज में सक्रिय मातृशक्तियों, युवतियों व तरुणियों की उपस्थिति रही।

## खनिज परिवहन पर सख्ती, दो ट्रैक्टर जब्त

बिना रॉयल्टी बोल्डर और रेत ले जाते पकड़े गए वाहन, पुलिस को सुपुर्द

दमोह। जिले मे कलेक्टर अनिल राठौर के निर्देशन मे खनिज विभाग द्वारा खनिज के अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण के रोकथाम की कारवाई लगातार जारी है। खनिज अधिकारी ने बताया कि 17 मार्च को सुबह क्षेत्र भ्रमण के दौरान एक बिना पंजीयन क्रमांक अंकित लाल रंग का ट्रैक्टर जबेरा तहसील अन्तर्गत ग्राम चौपरा में रोड पर बिना रॉयल्टी के बोल्डर पत्थर का अवैध परिवहन करते हुए पाए जाने पर जप्त कर पुलिस थाना जबेरा मे खडा किया जाकर सुरक्षार्थ सुपुर्द किया गया। इसके अलावा एक अन्य बिना नंबर अंकित लाल महिंद्रा ट्रेक्टर द्वारा सिंग्रामपुर में रेत का अवैध परिवहन पाए जाने पर मे जप्त कर पुलिस चौकी सिंग्रामपुर मे खड़ा किया जाकर पुलिस को सुरक्षार्थ सुपुर्द किया गया है। उक्त दोनो प्रकरण मे खनिज नियमों के तहत कारवाई प्रस्तावित कर प्रकरण कलेक्टर श्री राठौर के समक्ष निराकरण हेतु प्रस्तुत किया जाएगा। जिले मे खनिज के अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण के रोकथाम की कारवाई सतत जारी रहेगी।

### इस्तहार

एतत् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक श्री अनुराग ताम्रकार पिता श्री रामरतन ताम्रकार वार्ड क्रमांक 08 ग्राम पटेरा की निवासी है। आवेदक द्वारा भूमि क्रमांक/भवन क्रं 81 का हस्तांतरण स्वीकृति हेतु दस्तावेज किये गये है। जो म.प्र. नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 150 के तहत प्रस्तुत किया गया है। भूमि क्रमांक/भवन क्र. 81 वार्ड क्रमांक 08 श्री कालूराम नेमा पिता श्री दामोदर नेमा का नाम दर्ज चला आ रहा है। उक्त भवन/प्लाट के हस्तांतरण में यदि किसी को कोई आपत्ति है तो वह अपने स्वामित्व संबंधी अभिलेख के साथ इस्तहार म्याद के पूर्व जमा कर सकते है। म्याद उपरांत प्राप्त आपत्तियों पर सुनवाई नही की जावेगी दिनांक 17/03/26 को 15 दिवसीय इस्तहार मेरे हस्ताक्षर से जारी किया जाता है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर परिषद पटेरा, जिला दमोह**